दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली बुधवार 17 जून -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 174 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# जी-7 में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की 16 महीने बाद हुई मुलाकात

## गर्मजोशी से दोनों ने हाथ मिलाया, फिर बैठे साथ




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 16 महीनों के बाद जी-7 के मंच पर मुलाकात हुई है। ये मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। दोनों नेताओं के बीच फ्रांस के एवियन शहर में मुलाकात हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप जी-7 में भाग लेने के लिए फ्रांस के एवियन शहर में पहुंचे हैं। ये मुलाकात तब हुई जब ट्रंप जी-7 की मीटिंग में शिरकत लेने के लिए मीटिंग हॉल में बैठे थे। तभी वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे, इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हैंडशेक हुई। दोनों नेताओं के बीच लगभग 50 सेकेंड तक बात हुई। यह छोटी सी मुलाकात काफी दोस्ताना रही; समिट की कार्यवाही शुरू होने से पहले दोनों नेताओं ने मुस्कुराते हुए एक-दूसरे का अभिवादन किया। यह मुलाकात तब हुई जब दुनिया भर के नेता फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मेजबानी में हो रहे समिट के लिए इकट्ठा हुए थे। अहम वैश्विक मुद्दों पर नेताओं की चर्चा से पहले, मैक्रों ने समिट स्थल पर पीएम मोदी का स्वागत किया। गौरतलब है कि होर्मुज में अमेरिकी नेवी की ओर से किए गए हमले में तीन भारतीयों की मौत के बाद भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। हालांकि अमेरिका की ओर से इस पर कुछ खास नहीं कहा गया था। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उल्टे कहा था कि होर्मुज से गुजरने वाले देशों को अमेरिकी नेवी के आदेशों का पालन करना चाहिए। इस घटना के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तात्कालिक तल्खी आ गई थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समक्ष रुबियो से भारत की कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। उसके बाद दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच ये मुलाकात हुई। ट्रंप और पीएम मोदी के बीच औपचारिक मुलाकात बुधवार शाम सवा 6 बजे होगी।

# क्या लेकर दिल में बहुत सारी खटास दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष से मिले हैं पार्षद आठ!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इन दिनों भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पहले वाली पारी में जब भी प्रभारी मंत्री आते थे या बड़े पदाधिकारी आते थे तो कार्यकर्ता इस बात की शिकायत करते थे कि अफसर नहीं सुन रहे हैं। लेकिन दूसरी पारी में कहानी बिल्कुल बदल रही है। अब प्रभारी मंत्री आए या बड़े पदाधिकारी आए यहां पर जनप्रतिनिधियों की शिकायत संगठन वाले करते हैं। संगठन वालों की शिकायत जनप्रतिनिधि करते हैं और अब तो नया ट्रेंड ये है कि जनप्रतिनिधि की शिकायत ही जनप्रतिनिधि करते हैं। कहीं पार्षद शिकायत के मूड में हैं तो कहीं विधायकों को लेकर नाराजगी है। कहीं विधायकों की नाराजगी सांसद को लेकर है, कुल मिलाकर कहानी का आगाज ये है कि भाजपा में भाजपा वाले ही भाजपा से नाराज हैं। कारण किसी का व्यवहार है, कारण कुछ मामले हैं लेकिन अब गाजियाबाद की भाजपा का मुकदमा कभी प्रभारी मंत्री के सामने पहुंचता है तो कभी प्रदेश अध्यक्ष के सामने पहुंच जाता है। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली में उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से भाजपा के आठ पार्षदों ने मुलाकात की। ये पार्षद लाइनपार से हैं, ये पार्षद नदिया पार से हैं और इन पार्षदों ने अपनी पीड़ा प्रदेश अध्यक्ष के सामने रखी। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश अध्यक्ष ने भी पूरी तसल्ली के साथ बात सुनी है। सबने अपना-अपना विषय रखा है। मुलाकात करने वालों में एक पार्षद वो हैं जिनके लिये भाजपा का ही पुलिस अधिकारी से विवाद हुआ था। इन पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मुलाकात में वो पार्षद भी हैं जो उत्तराखण्ड वाले टूर पर पार्षदों को साथ लेकर गए थे। इस मुलाकात में एक लेडी पार्षद भी हैं। बताते हैं कि इस मुलाकात में बहुत सारी बातें हुई हैं। बातों में कहीं व्यवहार का मुद्दा आया है तो कहीं विकास के फंड की बात उठी है। पार्षदों ने अपना दर्द प्रदेश अध्यक्ष के सामने बयां किया है। सूत्र बताते हैं कि पार्षदों ने बता दिया है कि उनकी मेहरबानी गैर भाजपाई वार्डों पर हो रही है। पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष को बताया है कि कौन-कौन से गैर भाजपाई वार्डों में विकास की नदी बहा दी गई है। भाजपा के वो वार्ड गिनाए हैं जहां विकास की बात रखते ही फंड की कमी गिना दी गई है। बताते हैं कि दिल्ली में जब ये बात रखी गई तो प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पार्षदों की बात को गौर से सुना। यहां एक लेडी पार्षद ने तो सदन में हुए अपने अपमान की बात भी कही। सूत्र बताते हैं कि अभी और मुलाकातें होनी हैं। क्योंकि बात अब सीधे-सीधे शिकायत पर आ गई है। पार्षदों के दिल में खटास है और वो इस बात को लेकर उदास है कि उनके वार्ड में विकास पर ब्रेक लगे हैं, लेकिन उनकी ही सरकार में उनकी ही कोई नहीं सुन रहा है। फिलहाल दिल्ली वाली ये मुलाकात का किस्सा बाहर आ गया है। गौरतलब है कि करंट क्राइम ने इस मुलाकात को पहले ही प्रकाशित कर दिया था। बता दिया था कि पार्षद जल्दी ही प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। ये खबर सच साबित हुई है और पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर ली है।

# जानकी भवन की सील हटाई जाए जनहित में : संजीव शर्मा
## विधायक ने कहा- आम जनता को मिल रहा था इससे लाभ



**शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि इस ऑडिटोरियम से आम जनता को लाभ मिल रहा था, लेकिन अचानक से इसे इस तरह बंद किया जाना ठीक नहीं है।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर रामलीला में बने जानकी भवन ऑडिटोरियम पर जीडीए ने सील लगा दी थी। जीडीए ने इस जमीन पर हुए निर्माण को अवैध बताते हुए यहां सील लगा दी।

शहर विधायक संजीव शर्मा जानकी भवन के पक्ष में आगे आए हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जनहित में जीडीए द्वारा जानकी भवन में लगाई गई सील को खोला जाए। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि इस ऑडिटोरियम से आम जनता को लाभ मिल रहा था, लेकिन अचानक से इसे इस तरह बंद किया जाना ठीक नहीं है।

गौरतलब है कि कविनगर रामलीला मैदान में पुराने स्टेज को परिवर्तित कर यहां आधुनिक स्टेज का निर्माण किया गया है और उसी स्टेज को यूटिलाइज करते हुए यहां ऑडिटोरियम भी बनाया गया। इस अलग विजन को कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल लेकर आए। उनका विजन ये था कि इससे एक बड़ी आबादी को सामाजिक-धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के लिये बेहद रियायती दरों पर स्थान उपलब्ध रहेगा। लेकिन अचानक से ये मामला इंटरनल राजनीति में आ गया और यहां शिकायत के बाद जीडीए की टीम ने सील लगा दी। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जानकी भवन शहर के बीचोबीच बना एक ऐसा ऑडिटोरियम है जो जनता के लिये जरूरी है। इसके बनने से शहर की जनता को बहुत कम दरों पर अपने सामाजिक, सांस्कृति कार्यक्रम करने के लिये स्थान प्राप्त हो रहा था।

सामाजिक संस्थाओं से लेकर स्कूलों के लिये ये एक बड़ी सुविधा थी। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि अगर कोई शिकायत थी तो उसकी जांच हो सकती थी, लेकिन अचानक जाकर सील लगाना गलत बात है। ये ऑडिटोरियम किसी की व्यक्तिगत जरूरतों को नहीं पूरा कर रहा, ये ऑडिटोरियम एक सामाजिक कार्यक्रमों के लिये उपयुक्त स्थान है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जीडीए के अधिकारियों को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपनी बात रखी है और वहीं एक चर्चा ये भी चल रही है कि यहां अधिकांश कार्यक्रम भाजपा के ही हुए हैं। भाजपा के लिये यह स्थान रियायती दरों पर था लेकिन जब इस स्थान पर समस्या आई है तो पूरी भाजपा खामोश है। सभी ने चुप्पी साध ली है। हालांकि एक शुरुआत शहर विधायक संजीव शर्मा ने की है और उम्मीद है कि अब इस स्थल के समर्थन में एक माहौल बनेगा।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद में बड़ा घटनाक्रम
## अध्यक्ष और सचिव के कामकाज पर रोक

### क्या समय से पहले होंगे चुनाव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी और सचिव वरुण त्यागी के पद पर रहते हुए कार्य करने पर रोक लगा दी है। बार काउंसिल के इस फैसले के बाद जिला बार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने आदेश जारी करते हुए दोनों पदाधिकारियों को अध्यक्ष और सचिव के रूप में कार्य करने से रोक दिया है। इस निर्णय के बाद बार एसोसिएशन के प्रशासनिक और संगठनात्मक कार्यों को लेकर नई




स्थिति उत्पन्न हो गई है। बार काउंसिल के आदेश को जिला बार एसोसिएशन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिवक्ताओं के बीच इस फैसले को लेकर चर्चा का दौर शुरू हो गया है। वहीं, अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि बार एसोसिएशन के संचालन और आगे की व्यवस्था को लेकर क्या कदम उठाए जाते हैं।

### बार एसोसिएशन की राजनीति में बढ़ी सरगर्मी

करंट क्राइम : बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश के बाद बार एसोसिएशन गाजियाबाद की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। अधिवक्ता समुदाय के बीच फैसले के दूरगामी प्रभावों को लेकर चर्चाएं तेज हैं। अध्यक्ष और सचिव के कामकाज पर रोक लगने के बाद अब बार एसोसिएशन की कार्यप्रणाली और वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर अधिवक्ताओं की निगाहें आगामी निर्णयों पर टिकी हुई हैं। अब सवाल है कि चुनाव अपने समय पर होंगे या पहले ही करवाएं जाएंगे।

# सूर्या हत्याकांड : असद के मकान पर बुलडोजर कार्रवाई
## फिलहाल टली, समझौता पत्र की जांच में जुटा पुलिस-प्रशासन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा में बकरीद के दिन हुए चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद के खिलाफ पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। हत्या के बाद जहां आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई, वहीं उसके नवनीत विहार स्थित मकान पर प्रस्तावित ध्वस्तीकरण अभियान को फिलहाल रोक दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस-प्रशासन ने मकान ध्वस्त करने की तैयारी पूरी कर ली थी, लेकिन अंतिम चरण में कुछ आवश्यक कागजी औपचारिकताएं पूरी न होने के कारण कार्रवाई टाल दी गई। इस बीच एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा प्रस्तुत किए गए कथित समझौता पत्र ने मामले को नया मोड़ दे दिया है। प्रशासन अब इस दस्तावेज की वैधता और उससे जुड़े तथ्यों की गहन जांच कर रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बुलडोजर कार्रवाई पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। गौरतलब है कि सूर्या चौहान की हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट और जिला प्रशासन ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया था। आरोपी की गिरफ्तारी से लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तक पुलिस ने तेजी दिखाई थी। इसी क्रम में अवैध निर्माण और संपत्तियों की भी जांच शुरू की गई थी। प्रशासनिक कार्रवाई की सूचना के बाद नवनीत विहार और आसपास के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और क्षेत्र की निगरानी लगातार जारी है।

### हत्या के बाद प्रशासन ने दिखाया था सख्त रुख

करंट क्राइम : सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए थे कि अपराधियों के खिलाफ सिर्फ गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि उनकी अवैध संपत्तियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसी रणनीति के तहत आरोपी असद के मकान की जांच शुरू हुई और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

### नवनीत विहार में पुलिस का पहरा

करंट क्राइम : संवेदनशीलता को देखते हुए नवनीत विहार क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तत्व के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# 5 साल में हत्या, हत्या के प्रयास समेत गंभीर अपराधों में शामिल 2814 अपराधियों का सत्यापन, 311 फरार मिले, घर घर पहुंची पुलिस की टीमें



| जोन | विगत 5 वर्षों में शरीर सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त रहे अपराधियों की संख्या | सत्यापित किये गये अपराधियों की संख्या | मौजूद मिले अपराधियों की संख्या | कितने अपराधी फरार मिले | कितने अपराधी जेल में पाये गये |
|---|---|---|---|---|---|
| नगर | 420 | 401 | 267 | 97 | 36 |
| ट्रांस हिंडन | 941 | 472 | 330 | 116 | 16 |
| ग्रामीण | 1453 | 975 | 697 | 98 | 157 |
| कुल योग | 2814 | 1848 | 1294 | 311 | 209 |

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम कंट्रोल को लेकर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का एक्शन मोड लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए 13-14 जून को विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पिछले पांच वर्षों में हत्या, हत्या के प्रयास, सदोष मानव वध, बलवा समेत शरीर संबंधी गंभीर अपराधों में शामिल रहे अपराधियों के घरों और ठिकानों पर पहुंचकर सत्यापन किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने यक्ष एप पर दर्ज अपराधियों के विवरण का भौतिक सत्यापन किया और उनकी वर्तमान गतिविधियों, उपस्थिति तथा आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई तथा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाकर आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

### 2814 अपराधियों की सूची खंगाली

करंट क्राइम : सीपी ने बताया है कि बीते दो दिवसीय अभियान में पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के कुल 2814 चिन्हित अपराधियों का सत्यापन किया गया। इनमें से 1848 अपराधियों का सत्यापन पूरा हुआ। सत्यापन के दौरान 1294 अपराधी अपने पते पर मिले, जबकि 311 अपराधी फरार पाए गए। वहीं 209 अपराधी जेल में बंद मिले। वहीं पुलिस अधिकारियों के अनुसार जो अपराधी सत्यापन के दौरान फरार मिले हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग से तलाश अभियान चलाया जा रहा है। संबंधित थाना पुलिस को उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### फरार अपराधियों की तलाश के लिए विशेष अभियान जारी: पुलिस कमिश्नर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। गंभीर अपराधों में शामिल व्यक्तियों का सत्यापन कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# तनिष्क शोरूम चोरी कांड का 4 दिन में खुलासा, कर्मचारी निकला मास्टरमाइंड
## पिता और महिला मित्र समेत तीन गिरफ्तार

**खुलासा**

**महंगे शौक और ऐशो-आराम की जिंदगी के लिए रची करोड़ों की चोरी की साजिश, 3.16 करोड़ का माल बरामद**




**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** कविनगर थाने के आरडीसी तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में हुई करोड़ों रुपये के आभूषणों की सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने महज चार दिनों में खुलासा कर दिया है। इस हाई-प्रोफाइल चोरी की वारदात का मास्टरमाइंड कोई बाहरी बदमाश नहीं बल्कि शोरूम में कार्यरत कर्मचारी नितिन वर्मा निकला। आरोपी ने अपने पिता, महिला मित्र और अन्य साथियों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 2 किलो सोना, 6.5 लाख रुपये नकद व अवैध तमंचा बरामद किया है।

प्रेसवार्ता के दौरान डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य, थाना प्रभारी कविनगर अनुराग शर्मा समेत पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस जांच में सामने आया कि 11 जून की शाम आरोपी नितिन वर्मा ने शोरूम के कर्मचारियों को शादी तय होने की खुशी में पार्टी दी थी। उसका असली मकसद शोरूम के कैशियर गौतम राज को निशाना बनाना था, जिसके पास शोरूम के मुख्य द्वार और लॉकर की चाबियां रहती थीं। पार्टी के दौरान नितिन ने गौतम को अत्यधिक शराब पिलाई। जब गौतम नशे में हो गया तो नितिन उसे घर छोड़ने के बहाने साथ ले गया और रास्ते में उसके बैग से शोरूम की चाबियां निकाल लीं।

शेष, पृष्ठ 7



# राम मंदिर पहुंची एसआईटी, पुजारियों, ट्रस्ट के पदाधिकारियों से होगी पूछताछ

**तहकीकात**

**एसआईटी को सात दिन में प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है**





**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की दान पेटिका से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) सोमवार दोपहर करीब 2:50 बजे अयोध्या पहुंची थी। टीम ने पहुंचते ही मामले से जुड़े दस्तावेजों, अभिलेखों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी।

शासन की ओर से एसआईटी को सात दिन में प्रारंभिक रिपोर्ट और 15 दिन में अंतिम रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। वहीं, आज फिर दोबारा एसआइटी टीम राम मंदिर पहुंची है। यहां पर वो मंदिर के पुजारियों, ट्रस्ट के पदाधिकारियों और पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से गठित एसआईटी के अयोध्या पहुंचने के बाद मंदिर परिसर से लेकर संत-महंतों के आश्रमों और श्रद्धालुओं के बीच एक ही चर्चा है कि जांच में क्या सामने आएगा और दोषियों पर क्या कार्रवाई होगी। हालांकि, पूरे घटनाक्रम के बीच अधिकतर लोगों का मानना है कि यह मामला मंदिर की आस्था का नहीं, बल्कि व्यवस्था की पारदर्शिता का है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस की एंट्री, ट्रस्ट पदाधिकारियों के इस्तीफे व जवाबदेही तय करने की मांग

अयोध्या। यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर की दान पेटिकाओं में कथित अनियमितता का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब इस विवाद में कांग्रेस भी खुलकर सामने आ गई है। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने राम जन्मभूमि थाने में लिखित तहरीर देकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर भी सवाल उठाए हैं। शरद शुक्ला ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही एसआईटी का स्वागत करते हैं, क्योंकि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। हालांकि, उन्होंने वर्ष 2022 में सामने आए कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी एसआईटी गठित की गई थी।



## सावधान! अगर घर में है पीएनजी चूल्हा, तो बंद होने जा रहा है आपका एलपीजी सिलिंडर



**गाजियाबाद।** आपूर्ति विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद भी पीएनजी सुविधा का लाभ ले रहे उपभोक्ता एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर नहीं कर रहे हैं। इन उपभोक्ताओं पर अब कंपनियों की ओर से शिकंजा कसने जा रहा है। ऐसे सवा लाख उपभोक्ताओं के एलपीजी कनेक्शनों को निलंबित करने की तैयारी है। इसके बाद पीएनजी वाले उपभोक्ता एलपीजी का लाभ नहीं सकेंगे या उनको किसी एक सुविधा को चुनने का अधिकार होगा।

जिले में एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 12 लाख से अधिक है। पूर्ति विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, करीब सवा लाख उपभोक्ता ऐसे हैं, जो एलपीजी और पीएनजी दोनों सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। जबकि, पश्चिमी एशिया में युद्ध की स्थिति के बीच शासन ने भी आदेश जारी कर कहा था कि ऐसे उपभोक्ता जिनके पास पीएनजी की सुविधा है, वह अपने एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर कर दे।

आपूर्ति विभाग की ओर भी इस संबंध में उपभोक्ताओं से अपील की गई, लेकिन उसका कोई असर नहीं दिखा। गोविंदपुरम के महज एक उपभोक्ता ने आगे आकर अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने की जरूरत समझी। अब पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने तेल कंपनी और आईजीएल के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें दोहरा लाभ ले रहे उपभोक्ताओं का डाटा तैयार करने के निर्देश दिए गए। अभी तक करीब सवा लाख उपभोक्ताओं को चिह्नित किया गया है। इन उपभोक्ताओं के एलपीजी कनेक्शन को निलंबित किया जाएगा। इसके बाद इन उपभोक्ताओं को गैस मिलनी बंद हो जाएगी। हालांकि, इनके कनेक्शन को पूरी तरह खत्म नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर उनकी बहाली का विकल्प खुला रहेगा। इस बारे में पूर्ति विभाग के अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि उपभोक्ताओं से अपील है कि वह खुद ही अपने एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर कर दें।

## हाथ नहीं तो क्या, पैरों से सफलता की इबारत लिख रहीं चिमियावली की मंजू



**संभल।** खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बंदे से खुद पूछे बता तेरी रजा क्या है...मशहूर शायर अल्लामा इकबाल की इन लाइनों को हकीकत साबित किया है संभल के गांव चिमियावली की बहादुर बेटी मंजू ने।

एक हादसे ने मंजू के दोनों हाथ छीन लिए तो उन्होंने पैरों को अपनी ताकत बना लिया और पढ़ाई जारी रखी। मजबूत इरादे और पूरे जज्बे के साथ सोमवार को मंजू ने बीए दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा दी।

संभल के एमजीएम कॉलेज में इन दिनों मुरादाबाद के गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्कीम के मुताबिक परीक्षाएं चल रही हैं। वैसे तो परीक्षाएं हर साल होती हैं लेकिन सोमवार को हुई बीए दूसरे सेमेस्टर की भूगोल की परीक्षा कुछ खास हो गई।

इस खासियत का कारण बनीं परीक्षार्थियों के बीच बैठीं मंजू। जो अन्य परीक्षार्थियों की तरह उत्तर पुस्तिका पर हाथों से सवालों के उत्तर नहीं लिख रही थीं बल्कि उनकी कलम पैर ने साध रखी थी। हाथ से ज्यादा मजबूती से पांव की अंगुलियों में फंसाई कलम कॉपी पर सवालों के उत्तर दे रही थी तो देखने वालों के मन में सवाल उमड़ रहे थे।

## चंदपा में कूलर से करंट लगने पर बच्ची की मौत

**हाथरस।** चंदपा कोतवाली के नगला मंशा गांव में 15 जून देर रात एक दुखद घटना हुई। एक 10 वर्षीय बच्ची की कूलर में करंट आने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब बच्ची अपने भाई के साथ घर पर थी।

जानकारी के अनुसार, बनी सिंह की बेटी वैष्णवी अपने छोटे भाई के साथ घर पर थी। उनके माता-पिता उस समय घर पर मौजूद नहीं थे। कमरे में चल रहे कूलर में अचानक करंट आ गया। वैष्णवी उसकी चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्ची को एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बच्ची के माता-पिता भी अस्पताल पहुंचे। वे अपनी बेटी की मौत से गहरे सदमे में थे। उन्होंने अपनी बेटी का शव बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर ले जाने का फैसला किया।

## अखिलेश यादव की बेटी पर अभद्र टिप्पणी, अमेरिका से लेकर जौनपुर तक फैली आरोपियों की जड़ें, तलाश तेज



**कानपुर।** कानपुर में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवकों की पुलिस ने तलाश तेज कर दी है। नामजद तीनों आरोपियों में से एक अमेरिका के पेन्सिलवेनिया का रहने वाला है, जबकि अन्य दो आरोपियों में से एक जौनपुर और दूसरा अमरोहा का निवासी है।

इनमें से जौनपुर वाला आरोपी ऑटो चालक है। सपा प्रमुख की बेटी पर अभद्र टिप्पणी के मामले में सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण यादव बंटी ने गुरुवार को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने भरत पटेल, नागेश्वर सिंह और विनोद कुमार यादव को नामजद आरोपी बनाया था।

रिपोर्ट आईटी एक्ट, मानहानि के इरादे से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बनाना आदि धाराओं में दर्ज हुई थी। आरोप था कि इन तीनों नाम से सोशल मीडिया में बने अकाउंट से अभद्र टिप्पणी वाले मैसेज को बढ़ाया गया है। इसके बाद क्राइम ब्रांच इन तीन अकाउंट और उनकी फ्रैंड लिस्ट को खंगाल रही थी।

**अलग-अलग जगह के रहने वाले हैं आरोपी :** शुरूआती जांच के अनुसार इनमें से भरत कुमार पटेल नामक अकाउंट अमेरिका के पेन्सिलवेनिया शहर से संचालित किया जा रहा है,जबकि नागेश्वर सिंह अमरोहा का रहने वाला है। वहीं, तीसरा आरोपी विनोद कुमार यादव मूलरूप से जौनपुर का रहने वाला है, जोकि ऑटो चालक है।

**आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है टीम :** पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। अमेरिका में रहने वाले आरोपी के बारे में मेटा मुख्यालय को मेल कर जानकारी मांगी गई है। वहीं, अन्य दोनों आरोपियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## प्रेम विवाह का खूनी अंत

### पति को छोड़ जिससे की शादी उसी ने मार डाला, दो माह के बच्चे के सिर से उठा मां का साया



**हापुड़ ।** पिलखुवा के पबला रोड स्थित आसरा आवासीय कॉलोनी में मंगलवार की सुबह एक सनसनीखेज घटना ने इलाके को दहला दिया। एक विवाहिता की उसके ही पति ने कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी। घर से आ रहे शोर-शराबे के बाद जब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई, तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को घर से बरामद किया और प्रारंभिक जांच में चुनरी से गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पति को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान 30 वर्षीय सीमा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मोदीनगर की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि सीमा पहले से शादीशुदा थी, लेकिन करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसका नौरंगपुरी निवासी अमन के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इसके बाद सीमा अपने पहले पति को छोड़कर अमन के साथ चली गई और दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया। दंपती का एक दो माह का बच्चा भी है। अमन पेशे से बिजली मैकेनिक का काम करता है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन और मतभेद चल रहे थे। माना जा रहा है कि इन्हीं घरेलू कलह के चलते अमन ने खौफनाक कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपी अमन की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त की गई चुनरी को भी बरामद कर लिया है, जिससे कथित तौर पर सीमा का गला घोंटा गया था। घटनास्थल पर मृतका सीमा के मायके पक्ष के लोग भी पहुंचे, जिनमें उसके पिता मोनी, माता रितिका, बहन शालू और स्वाति शामिल थे। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सीओ अनीता चौहान ने बताया कि महिला का शव घर से बरामद हुआ है। पति अमन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही मामले की पूरी सच्चाई सामने आ सकेगी और उसके आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## बीजेपी-आरएसएस ने शिलापूजन के नाम पर खूब पैसे वसूले : अजय राय



**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, देश की आस्था के साथ बीजेपी-आरएसएस के द्वारा छल किया गया है। आज आस्था को बेचा जा रहा है और धर्म के नाम पर सौदा किया जा रहा है। श्रीरामजन्मभूमि को लेकर जो जानकारी सामने आ रही है, वह दिखाती है कि एक संगठित लूट हुई है, जिसमें बड़े-बड़े लोग शामिल हैं और ये बात खुद भाजपा के पूर्व सांसद कह रहे हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट में एक रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट नृपेंद्र मिश्रा को चेयरमैन बनाया गया, जो 5 साल 3 महीने तक नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव थे। यानी- इस संगठित लूट के जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

ट्रस्ट में शामिल गोपाल राव पहले से ही विवादित रहे हैं।

## ताजमहल पर गर्मी का कहर 17 वर्षीय पर्यटक की बिगड़ी हालत

### पुलिस की तत्परता बनी जीवनरक्षक

**आगरा।** आगरा में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जिसका असर पर्यटकों पर भी पड़ रहा है। 16 जून 2026 को, उड़ीसा के भुवनेश्वर से ताजमहल देखने आई 17 वर्षीय महिला पर्यटक देवास्मिता मिश्रा अत्यधिक गर्मी के कारण अस्वस्थ हो गईं।



पश्चिमी प्रवेश द्वार पर चेकिंग के दौरान उन्हें सांस लेने में गंभीर समस्या होने लगी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस और सीआईएसएफ की टीमों ने उन्हें तत्काल पर्यटक सुविधा केंद्र पहुंचाया, जिससे उनकी जान बच सकी।

16 जून 2026 को, देवास्मिता मिश्रा अपने परिवार के साथ ताजमहल का भ्रमण करने आई थीं। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण, जब वह पश्चिमी प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच से गुजर रही थीं, अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगी। महिला पर्यटक के परिवारजनों ने तुरंत सीआईएसएफ उपनिरीक्षक पीयूष कुमार को इस बारे में सूचित किया। उपनिरीक्षक पीयूष कुमार ने तत्काल ताजमहल के पश्चिमी गेट पर तैनात थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज सिंह पटेल को घटना की जानकारी दी।

क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज सिंह पटेल ने अपने उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार तुरंत कार्रवाई की।

## प्रयागराज में खूनी खेलः एक ही परिवार के 3 लोगों की बेरहमी से हत्या, पड़ोसी युवक पर लगा आरोप





**प्रयागराज।** प्रयागराज के मेजा इलाके के नीबी (कुकुरकटवा) गांव में सोमवार रात एक सनसनीखेज तिहरा हत्याकांड हुआ। धारदार हथियार से पीट-पीटकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया गया। मृतकों में दो महिलाएं और एक अधेड़ व्यक्ति शामिल हैं। यह घटना प्रेम प्रसंग से जुड़ी बताई जा रही है, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। हत्यारे आधी रात के बाद तीन-चार की संख्या में घर में घुसे। उन्होंने सो रहे लोगों पर अचानक हमला कर दिया। तीनों पीड़ित अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे। हालांकि, हमलावरों ने उन्हें बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, तो पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही प्रयागराज के पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। उनके साथ पुलिस उपायुक्त अजयपाल शर्मा ने भी घटनास्थल का गहन मुआयना किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों और स्थानीय लोगों से घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में रामनगर पुलिस चौकी के दरोगा रामविलास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। घटना के जल्द खुलासे के लिए विशेष जांच दल (एसओजी), अपराध शाखा और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को लगाया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है और दोषियों की तलाश जारी है।

## राजधानी में 22 जून से मेगा पौधरोपण अभियान शुरू, हर घर पहुंचेगा वृक्ष रथ

**पौधरोपण**

**ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल से होगी अभियान की निगरानी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में 22 जून से मेगा पौधरोपण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने मंत्रिमंडल के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे जनभागीदारी आधारित हरित अभियान बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, स्कूलों, कॉलेजों और आम नागरिकों को इसमें शामिल किया जाएगा। अभियान से जुड़ने वालों को ह्यपर्यावरण रक्षकह्न का ई-प्रमाणपत्र दिया जाएगा। नागरिकों तक मुफ्त पौधे पहुंचाने के लिए वृक्ष रथ कॉलोनियों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर भेजे जाएंगे। दूसरे चरण में जुलाई के पहले सप्ताह में दिल्ली रिज क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में करीब 2.5 लाख पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह अभियान दिल्ली को अधिक हरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

अभियान की निगरानी के लिए ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल तैयार किया गया है। इसके माध्यम से नागरिक पौधरोपण के लिए पंजीकरण, स्लॉट बुकिंग और पौधों की जियो-टैग्ड तस्वीरें अपलोड कर सकेंगे।

## बरेली अर्जुन हत्याकांडः परिजन बोले- आरोपियों का एनकाउंटर हो

**बरेली।** बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर में सोमवार रात डीजे संचालक अर्जुन मौर्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद परिजनों ने मंगलवार को पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर हंगामा किया। परिजनों ने सड़क पर जाम लगाकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और एनकाउंटर करने की मांग की। हंगामे के कारण आधे घंटे तक सड़क पर यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और परिजनों को शांत कराया। पुलिस अफसरों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन सड़क से हटे और यातायात सुचारू हो सका। पुलिस ने कहा है कि आरोपियों की तलाश जल्द की जाएगी।





गोसाईं गौटिया निवासी अर्जुन मौर्य डेलापीर स्थित एक बारातघर से काम खत्म कर घर लौट रहे थे। रास्ते में घात लगाए हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अर्जुन की मौत हो चुकी थी। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

मृतक के पिता ने तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार सुबह परिजन और रिश्तेदार पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर जमा हो गए। परिजनों ने सड़क पर जाम लगाकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और एनकाउंटर की मांग की।

## दिल्ली के दयालपुर में 40 वर्षीय राशिद की गोली मारकर हत्या




**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में मंगलवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पहचान राशिद के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को दयालपुर इलाके में हुई इस वारदात में मृतक राशिद को कई गोलियां लगीं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर आते दिखाई दे रहे हैं। दो हमलावरों ने हेलमेट पहना हुआ था। वीडियो में उन्हें वाहन से उतरकर गोलीबारी करते और फिर वहां से फरार होते हुए देखा जा सकता है।

## बुलडोजर कार्रवाई : अतिक्रमण कर बनाई गई मजार की ध्वस्त



**मुरादाबाद।** कांठ रोड पर वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा। लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने नगर निगम और जिला प्रशासन के सहयोग से नाले व सड़क की भूमि पर हुए कब्जों को हटाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान नाले पर बनी मजार भी हटाई गई।

सोमवार को चार बुलडोजरों के साथ विभागीय टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। अभियान को लेकर पहले से व्यापक तैयारियां की गई थीं। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार कार्रवाई की निगरानी करते रहे।

लोनिवि अधिकारियों के अनुसार मजार का निर्माण नाले की भूमि पर किया गया था। इसे हटाने से पहले मजार के मुतवल्ली को दो दिन पूर्व नोटिस जारी कर दिया गया था।

नोटिस के बाद सोमवार को नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। पूर्व सूचना दिए जाने के कारण मौके पर किसी प्रकार का विरोध या हंगामा नहीं हुआ।

## बसपा के पूर्व विधायक के खिलाफ एक हफ्ते में दूसरी एफआईआर

**भदोही।** तिहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा भुगतने के दौरान कोर्ट से सशर्त रिहाई पाने वाले औराई के बसपा के पूर्व विधायक उदयभान सिंह उर्फ डॉक्टर सिंह के खिलाफ एक हफ्ते के भीतर दूसरी बार कार्रवाई हुई है। उदयभान सिंह, पत्नी रीता, पुत्र आशीष समेत आठ लोगों के खिलाफ जमीन पर जबरन कब्जा करने और अवैध निर्माण कराने के आरोप में सोमवार को गोपीगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उमेश सिंह बघेल ने बताया कि उनकी और उनके भाइयों की पुश्तैनी जमीन गोपीगंज में है। उस पर मिजार्पुर के सेमरा निवासी पूर्व विधायक उदयभान सिंह, पूर्व विधायक की पत्नी रीता सिंह व पुत्र आशीष कुमार सिंह के साथ सहयोगी गोपीगंज के चकबसेहू निवासी अजीत सिंह, पर्वतपुर निवासी विपुल सिंह, धनापुर निवासी सुनील कुमार दुबे, सुरेश प्रसाद निवासी जगन्नाथपुर समेत अन्य ने अवैध निर्माण कराकर जबरन कब्जा कर लिया।



17 June -26 page 3 16-06-2026 11:19 PM Page 1


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। बुधवार 17 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

Parveen Singh is with Deepak Bhati and 97 others.
6h ·
उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एव केंद्रीय राज्यमंत्री माननीय पंकज चौधरी जी का सानिध्य प्राप्त हुआ..
#PankajChaudhary #Sahibabad



### क्या मंडल अध्यक्षों को मिल गए थे कहीं ओर से दिशा-निर्देश
# जब सांसद पहुंचे उपलब्धियां बताने तो नजर नहीं आए मंडल प्रधानों के फेस!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में दूरियां बढ़ रही हैं और बड़ी बात ये है कि दूरियों के लिये मजबूरियां नहीं बताई जा रही हैं। अब सीधे-सीधे दूरियां बढ़ाई जा रही हैं। ये हाल तब है जब पूरी भाजपा को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनानी है। सांसद सरकार के कामों को गिनाने गए थे लेकिन ये कमाल हुआ है कि सांसद के 9 कार्यक्रमों में 'नो' मंडल अध्यक्ष का सीन हो गया है। यानी 9 कार्यक्रमों में 'नो' मंडल अध्यक्ष पहुंचे ही नहीं।




गौरतलब है कि नदिया पार में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को बुद्धिजीवियों तथा आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात करनी थी। ये संगठन का कार्यक्रम था और इसकी पूरी तैयारी की गई थी। ये कार्यक्रम नदिया पार के 9 स्थानों पर होना था और इसमें मंडल अध्यक्षों को भी मौजूद रहना था।

सूत्र बताते हैं कि लोकसभा सांसद ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संगठन के निदेशों का पालन करते हुए मंडल अध्यक्षों को व्यक्तिगत फोन किया। उनसे अनुरोध किया कि आपके मंडल में ये कार्यक्रम है आप भी आ जाना। सांसद पहुंचे और यहां वो इस बात को लेकर हैरान थे कि सारे मंडल अध्यक्ष ही आउट ऑफ मैदान थे। सांसद जनता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की खूबियां बता रहे थे। आरडब्ल्यूए वाले सुन रहे थे, बुद्धिजीवी वर्ग के लोग सुन रहे थे, लेकिन इसे सुनने के लिये भाजपा के मंडल अध्यक्ष ही नहीं थे। अब कहने वाले ये कह रहे हैं कि ये एक इत्तिफाक नहीं है क्योंकि 9 कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष का ना आना किसी और रणनीति की ओर इशारा कर रहा है। केवल एक मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ही इंदिरपपुरम कार्यक्रम में पहुंची। सांसद ने लगातार 9 कार्यक्रम अटेंड किये और इन 9 के 9 कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष नहीं थे। चर्चा ये है कि दूरियों के साथ कैसे मिशन 2027 फतेह होगा।

### राम मंदिर दान घोटाले पर करणी सेना प्रमुख अम्मू का हमला
# आरोपियों पर FIR और बुलडोजर कार्रवाई की मांग
## करणी सेना प्रमुख सूरजपाल अम्मू ने कहा, विधानसभा चुनाव में उतारेंगे 50 से ज्यादा प्रत्याशी

**प्रेसवार्ता**

**करणी सेना प्रमुख सूरजपाल अम्मू बोले, योगी और सरकार कुछ नहीं कर रहे है**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित दान घोटाले को लेकर करणी सेना ने सरकार, ट्रस्ट और संबंधित लोगों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह उर्फ अम्मू ने इस मामले को करोड़ों राम भक्तों की आस्था से जुड़ा बताते हुए निष्पक्ष जांच, एफआईआर और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। सूरजपाल अम्मू ने कहा कि राम मंदिर देश की आस्था का केंद्र है और यदि मंदिर से जुड़े किसी भी मामले में भ्रष्टाचार या घोटाले के आरोप सामने आते हैं तो उसकी निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि चाहे वह भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद या किसी अन्य संगठन का व्यक्ति क्यों न हो, यदि वह दोषी है तो उसे दोषी ही कहा जाएगा और उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इतना बड़ा मामला सामने आने के बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। अम्मू ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सरकार की सख्त छवि है, लेकिन राम मंदिर दान घोटाले के आरोपियों पर ऐसी कार्रवाई कब होगी, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। उन्होंने मांग की कि दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए ट्रस्ट के संबंधित सदस्यों को अपने पदों से इस्तीफा देना चाहिए।

### 12 लोगों पर उठाई कार्रवाई की मांग



करंट क्राइम : करणी सेना प्रमुख ने बताया कि इस पूरे प्रकरण को लेकर कविनगर थाने में एक शिकायत भी दर्ज कराई गई है। शिकायत में करीब 12 लोगों को नामजद करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि संगठन इस मामले को लेकर कानूनी और जनआंदोलन दोनों स्तरों पर लड़ाई जारी रखेगा। प्रेस वार्ता के दौरान सूरजपाल अम्मू ने अपने राजनीतिक सफर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह लगभग 37 वर्षों तक भाजपा और उससे जुड़े हिंदूवादी संगठनों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे तथा भाजपा के प्रवक्ता की भूमिका भी निभा चुके हैं। हालांकि अब वह उन संगठनों से अलग होकर करणी सेना के माध्यम से अपनी विचारधारा और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ा रहे हैं।

### यूपी के चुनाव में उतरेगी करणी सेना

करंट क्राइम : आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भी उन्होंने बड़ा ऐलान किया। अम्मू ने कहा कि करणी सेना प्रदेश के 40 जिलों में 50 से अधिक विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए शिक्षित, योग्य और राष्ट्रहित की सोच रखने वाले उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन सभी वर्गों और समाजों को प्रतिनिधित्व देगा तथा राष्ट्रहित की विचारधारा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को अवसर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि करणी सेना का संगठन लगातार विस्तार कर रहा है और भारत के साथ-साथ विदेशों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। संगठन ने अमेरिका के शिकागो, ऑस्ट्रेलिया और नेपाल सहित कई स्थानों पर अपने कार्यालय स्थापित किए हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर भी करणी सेना का नेटवर्क मजबूत हुआ है। प्रेसवार्ता में करणी सेना के राष्ट्रीय महामंत्री संदीप सिंह, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर, गाजियाबाद जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा, निश्चल रावल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राम मंदिर दान घोटाले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग दोहराई।

# त्यागी समाज को करना होगा साफ
## आखिर किस चेहरे के लिए बुलंद हो रही है आवाज?
### एमएलसी चुनाव के बाद क्या विधानसभा के लिए भी उठेगी ललकार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी एमएलसी चुनाव और सत्ता में भागीदारी को लेकर त्यागी ब्राह्मण समाज ने सोमवार को अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। प्रेसवार्ता में समाज के नेताओं ने एक तरफ एमएलसी चुनाव में त्यागी समाज के प्रत्याशी को टिकट देने की मांग उठाई, वहीं गठबंधन की राजनीति का हवाला देते हुए समाज के किसी वरिष्ठ चेहरे को राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर नियुक्त किए जाने की पैरवी भी की। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर यह पूरा आंदोलन और राजनीतिक दबाव किस चेहरे के लिए बनाया जा रहा है? प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाज के नेताओं ने अपनी राजनीतिक उपेक्षा का मुद्दा जोर-शोर से उठाया।

मंच से बताया गया कि प्रदेश की विभिन्न जातियों के पास मंत्री, विधायक, एमएलसी और बड़े संगठनात्मक पद हैं, जबकि त्यागी समाज की हिस्सेदारी लगातार सीमित होती जा रही है। यहां तक कहा गया कि समाज के पास वर्तमान में केवल एक विधायक और एक एमएलसी है। वहीं यह कहा गया कि राज्यपाल जैसे बड़े संवैधानिक पद पर भी समाज का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

### मंच से नहीं खोले गए पत्ते, बढ़ी राजनीतिक चर्चा

करंट क्राइम : दिलचस्प बात यह रही कि समाज के नेताओं ने अपनी मांग तो खुलकर रखी, लेकिन उस चेहरे का नाम सार्वजनिक नहीं किया जिसके लिए राजनीतिक जमीन तैयार की जा रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद जैसे नामों को लेकर अंदरखाने रणनीति बनाई जा रही है। प्रेसवार्ता में इन नेताओं का उल्लेख भी सम्मानपूर्वक किया गया, लेकिन किसी के नाम पर खुलकर समर्थन नहीं मांगा गया। यही कारण है कि राजनीतिक विश्लेषकों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि यदि समाज वास्तव में अपने राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर गंभीर है तो उसे अपने संभावित दावेदारों के नाम भी सार्वजनिक करने चाहिए। बिना चेहरा घोषित किए केवल हिस्सेदारी की मांग करना राजनीतिक दबाव की रणनीति तो हो सकती है, लेकिन इससे स्पष्ट संदेश नहीं जाता। राजनीतिक प्रतिनिधित्व के साथ-साथ समाज ने चिराग त्यागी हत्याकांड का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि समाज से जुड़े मामलों में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही और उनकी आवाज को पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा। इस मुद्दे को सामाजिक न्याय और राजनीतिक उपेक्षा से जोड़कर प्रस्तुत किया गया।

### संदेश साफ, लेकिन चेहरा अब भी रहस्य

करंट क्राइम : त्यागी-ब्राह्मण समाज की प्रेसवार्ता से यह संदेश तो स्पष्ट निकलकर आया कि समाज आगामी चुनावी दौर में अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए दबाव की राजनीति करेगा। लेकिन जिस चेहरे को आगे बढ़ाने की तैयारी हो रही है, उस पर अब भी रहस्य बरकरार है। ऐसे में आने वाले दिनों में समाज को यह स्पष्ट करना होगा कि उसकी लड़ाई केवल हिस्सेदारी की है या फिर किसी विशेष नेता को सत्ता के केंद्र तक पहुंचाने की रणनीति भी इसके पीछे काम कर रही है। राजनीतिक तौर पर देखा जाए तो यह प्रेसवार्ता भाजपा और गठबंधन नेतृत्व के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में त्यागी समाज अब केवल समर्थन देने की भूमिका में नहीं रहना चाहता, बल्कि सत्ता और संगठन दोनों में अपनी हिस्सेदारी का ठोस दावा पेश कर रहा है।

# जनप्रतिनिधि बोले मेरी बुराई करने वालों का भी बहुत-बहुत साधुवाद, मुझे लगता नहीं है कि उन्होंने ऐसा कहा होगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आजकल बातें ट्रैवल करती हैं और अब दीवारों के कान भी होते हैं और दीवारें बोल भी पड़ती हैं। बताने वाले बता भी देते हैं और किस्सा जनप्रतिनिधियों के बीच का है। बताया जाता है कि एक राज्यमंत्री गाजियाबाद आये थे। उन्हें गाजियाबाद में जिम्मेदारी मिली है। सूत्र बताते हैं कि यहां एक विधायक भी मौजूद थे और एक अन्य जनप्रतिनिधि की भी उपस्थिति थी। एक पूर्व जनप्रतिनिधि भी यहां मौजूद थे।

इसी बीच यहां एक जनप्रतिनिधि की जुबान से दूसरे जनप्रतिनिधि को लेकर कुछ शोले निकले। इसके बाद फिर पूर्व जनप्रतिनिधि ने भी मन का गुबार निकाला। जब ये दोनों बता रहे थे तो फिर तीसरे ने भी मन की भड़ास निकाली। गुबार, भड़ास और मन के शोलों की पूरी कहानी बुराई के रूप में बाहर आयी है। बुराई में कहीं जमीन का मामला आ गया तो कहीं किसी और बात का मामला आ गया। कहने वालों ने सबकुछ कहा और सुनने वालों ने बीच-बीच में गर्दन हिलाई। नाम कोई किसी का नहीं ले रहा है और पता सबको है।

बुराई वाली बात जब भगवा गलियारों में गूंजने लगी तो दैनिक करंट क्राइम ने इस मामले को लेकर एक जनप्रतिनिधि से बात की। उन्हें शब्दों का जादूगर ऐसे ही नहीं कहा जाता। वह सुलझे हुए खिलाड़ी माने जाते हैं और उनके बारे में कहा जाता है कि जो काम सामने वाला बुराई करके नहीं कर पाएगा, उस काम को वह अपनी तारीफ के बाण से ही कर देते हैं।

इस पूरे मामले पर उन्होंने इतना ही कहा कि मुझे बिल्कुल भी उम्मीद नहीं है कि उनमें से किसी ने बुराई की होगी, क्योंकि वे सभी बहुत अनुभवी और जानकार हैं।

बहुत अच्छे लोग हैं और मुझे नहीं लगता कि उन्होंने ऐसा कहा होगा। फिर भी अगर उन्होंने कहा है तो मैं उन सभी का साधुवाद करता हूं। जो भी उन्होंने कहा, उसके लिए आभार व्यक्त करता हूं।

### प्रदेश के बड़े चौधरी आए और कह गये बात सटीक जैसा हमने कहा था, तुमने वैसा नहीं दिया है आशीष

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कई बार इशारो ही इशारो में बात कही जाती है और समझने वाले उसे भी समझ जाते हैं। बड़े नेता अगर किसी के लिये सिफारिश भी करते हैं तो उनका एक अंदाज होता है। वो ये चाहते हैं कि सामने वाला इशारों को समझ लें। लेकिन अगर कोई उसे ना समझें तो फिर वो बातों ही बातों में बात सुना भी जाते हैं। किस्सा एक कार्यक्रम में हुए एक घटनाक्रम से जुड़ा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बड़े चौधरी साहब आए थे। चौधरी साहब राजनीतिक के पुराने खिलाड़ी हैं। यहां पर चौधरी साहब के सामने संगठन के प्रमुख चेहरे आ गए। प्रमुख चेहरे ने अपने चिरपरिचत अंदाज में स्माइल दी और फिर बड़े स्टाइल से बता दिया कि आपने जो आदेश दिया था मैंने उसका पालन किया है, आपने किसी को आशीष देने के लिये कहा था, मैंने दे दिया है। प्रमुख चेहरे को लगा कि स्टेट वाले चौधरी इस बात को सुनकर प्रसन्नता व्यक्त करेंगे, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि चौधरी साहब के पास पूरी अप-टू-डेट जानकारी रहती है। लिहाजा जब आशीष वाली बात आई तो लखनऊ वालों ने गाजियाबाद वालों की तरफ देखा। वो जानते हैं कि राजनीति में बड़े नेता के शब्दों का क्या वजन होता है। लिहाजा यहां भी कुछ ऐसी स्थिति दिखाई दी और बताते हैं कि स्टेट वालों ने साफ कह दिया कि जितना आशीष हम चाहते थे उतना आशीष तुम दे नहीं पाये। फिर रिमाइंड कराया कि हमारे कहने के बाद भी ना तो तुमने जनरल सैक्रेटरी पद पर कंसिडर किया और ना ही तुमने उन्हें वाइज प्रेजिडेंट वाले फ्रेम में फिट किया। तुम तो उस वाले कॉलम में उनका ले गये जहां पहले ही कई वजीर बैठे हैं। एक संदेश था कि तुम्हें कम से कम इतना समझ लेना चाहिए था कि सिफारिश अगर ठीक जगह से आ रही है तो फिर प्लेसमेंट वीक नहीं होना चाहिए था। अगर वजनदार फोन है तो रेस्पॉस भी असरदार होना चाहिए। ये किस्सा भाजपाइयों में गूंज रहा है।

# नगर निगम के अधिकारियों और मेयर के लिए आ गयी तीन इनोवा और 6 स्कॉर्पियो कार

**- नई कारों के खरीदने के लिए बेची गयी थीं पुरानी कार**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में अब नयी कार की बहार दिखाई देगी। विकास की रफ्तार के बीच निगम में नयी कारों की आमद हो गयी है। नगर निगम में तीन इनोवा हाईक्रॉस कार तथा 6 स्कॉर्पियो कार खरीद ली गयी हैं। ये कारें नगर निगम में सरकारी कामों के सुचारू रूप से संचालन हेतु खरीदी गयी हैं। ये कार नगर निगम के खुद के पैसे से ली गयी हैं। शासन के पत्र बताते हैं कि 25 अप्रैल को नगर निगम द्वारा पुरानी और निष्प्रोज्य किये गये 9 वाहनों के सापेक्ष साशकीय कार्यों को सुचारू रूप से करने के लिए खुद के स्त्रोतों से 3 ईनोवा और 6 स्कोर्पिंयो वाहनों के खरीदने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। दस्तावेज बताते हैं कि महापौर द्वारा सदन की स्वीकृति की प्रत्याशा में अनुमोदन करने के पश्चात वाहनों के खरीदने की कार्यवाही शुरू कर दी गयी थी। शासन के पत्र के अनुपालन में तीन इनोवा और 6 स्कोर्पियो खरीदी गयी। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम में ये नई कारें आ चुकी हैं। माना जा रहा है कि इनमें से एक कार महापौर के लिए और अन्य कारें निगम के अधिकारियों के लिए इस्तेमाल की जायेंगी।




# शहर में पार्किंग व्यवस्था होगी एक समान, अवैध वसूली पर चलेगा सख्त एक्शन
## नगर निगम मुख्यालय में पार्किंग प्रबंध समिति की पहली बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में पार्किंग प्रबंध समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में संचालित पार्किंग स्थलों पर एक समान शुल्क व्यवस्था लागू करने, अवैध पार्किंग और मनमानी वसूली पर रोक लगाने तथा शहर को जाम मुक्त बनाने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में एडीएम सिटी विकास कश्यप, जीडीए सचिव प्रदीप कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशीष, पार्षद पवन गौतम, नगर निगम अधिकारियों एवं यातायात समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सार्वजनिक स्थलों पर अव्यवस्थित पार्किंग के कारण लगने वाले जाम और अवैध पार्किंग शुल्क वसूली की शिकायतों पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पार्किंग की आड़ में अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा समिति द्वारा निर्धारित शुल्क ही मान्य होगा।






### जाम मुक्त गाजियाबाद की दिशा में बड़ा कदम

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने कहा कि व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था न केवल यातायात संचालन को बेहतर बनाएगी बल्कि शहर को जाम मुक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के समन्वय से आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**पार्किंग हेतु नगर निगम में वर्तमान में प्रचलित दरें**

| वाहन | 06 घण्टे हेतु दरे | 12 घण्टे हेतु दरे | 24 घण्टे हेतु दरे |
|---|---|---|---|
| दो पहियाँ वाहन | 20 | 40 | 80 |
| चार पहियाँ वाहन | 40 | 80 | 160 |

**पार्किंग हेतु नियमावली में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों हेतु निर्धारित की गयी न्यूनतम दरों का विवरण**

| वाहन | प्रथम 02 घण्टे हेतु दरे | क्रमवार एक घण्टे के लिए | 24 घण्टे हेतु दरे |
|---|---|---|---|
| दो पहियाँ वाहन | 15 | 07 | 57 |
| चार पहियाँ वाहन | 30 | 05 | 120 |

### सभी पार्किंग स्थलों पर लागू होगा एक समान शुल्क

करंट क्राइम : वर्तमान में नगर निगम शहर के 16 पार्किंग स्थलों का संचालन कर रहा है, जबकि अन्य विभाग भी अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग संचालित कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पार्किंग स्थलों पर शुल्क व्यवस्था में एकरूपता लाई जाएगी, ताकि नागरिकों को सुविधा मिले और भ्रम की स्थिति समाप्त हो। समिति के सदस्यों को विभिन्न क्षेत्रों में छोटी एवं बड़ी पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। चयनित स्थलों की सूची समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर शहर की पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जाएगा।

## संपादकीय

# राहत की नई उम्मीद

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चों पर राहत मिलने की उम्मीद है। अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त करने तथा होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने पर बनी सहमति भारत समेत दुनिया के कई देशों के लिए संकट से राहत मिलने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। द्विपक्षीय शांति समझौते पर उन्नीस जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाने का प्रस्ताव है।

इसके लागू होने से निश्चित तौर पर वैश्विक आपूर्ति शृंखला फिर से बहाल हो पाएगी, जिससे खासकर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव कम होगा और ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ इसकी कीमतों में भी गिरावट आएगी। मगर अमेरिका और ईरान के बीच इस सहमति को अभी उम्मीद के तौर पर ही देखा जा रहा है, क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों पक्षों के रुख में जिस तरह की अनिश्चतता देखी गई है, उस लिहाज से इस समझौते के सिरे चढ़ने को लेकर अभी पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल है। संशय इसलिए भी बना हुआ है, क्योंकि अंतिम समझौते के नियम और शर्तें अभी औपचारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई हैं और दोनों पक्षों में से कौन इसमें अड़ंगा लगा दे, इसे बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने इस वर्ष 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त रूप से हमला किया था, जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार शुरू कर दिया। अप्रैल में अमेरिका की ओर से दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की गई, जिसे बाद में अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। हालांकि, इस बीच दोनों ओर से छिटपुट हमले होते रहे, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने से हुआ, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया। वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से का परिवहन इसी मार्ग से होता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे तेल उत्पादक खाड़ी देशों के लिए यही मुख्य निर्यात मार्ग है, जो भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। अगर यह मार्ग फिर से बहाल हो जाता है, तो भारत जैसे दुनिया के कच्चे तेल आयातक देशों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम होंगी, माल ढुलाई लागत घटेगी और महंगाई पर दबाव भी कम होगा। पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म करने पर बनी सहमति की खबरें आने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल कीमतों में गिरावट का दौर शुरू हो गया। भारत में इसका असर शेयर बाजार में उछाल और डालर के मुकाबले रुपए की मजबूती के रूप में सामने आया। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चों पर राहत मिलने की उम्मीद है। इससे पश्चिम एशिया को होने वाले भारत के निर्यात में तेजी आएगी, विनिर्माण गतिविधियों को गति मिलेगी और रुपये की स्थिरता को भी बल मिलेगा।

# तीसरे दिन भी बाजार में तेजी सेंसेक्स 544 अंक उछला

## निफ्टी 24 हजार के करीब, निवेशकों में बढ़ा उत्साह

### आईटी और एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी से बाजार को मिला दम



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी का शानदार सिलसिला जारी रहा और मंगलवार को बाजार एक मजबूत बढ़त के साथ बंद हुआ। टेक्नोलॉजी और घरेलू मांग वाले सेक्टर्स में भारी खरीदारी के दम पर सेंसेक्स और निफ्टी ने निवेशकों को खुश कर दिया है। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि आज बाजार की इस दमदार क्लोजिंग का पूरा गणित क्या रहा, किन कंपनियों ने बाजार को सपोर्ट किया और किन सेक्टर्स ने निवेशकों को निराश किया।

मंगलवार (16 जून) को कारोबारी सत्र के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 544.15 अंकों (0.71%) की मजबूत छलांग लगाते हुए 76,808.48 के ऐतिहासिक स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी पीछे नहीं रहा और यह 135.25 अंक (0.57%) उछलकर 23,989.15 के स्तर को पार कर गया। यह लगातार तीसरा कारोबारी दिन है जब बाजार ने एक बेहतरीन बढ़त के साथ अपनी क्लोजिंग दी है।

बाजार की इस तेजी में देश की दिग्गज कंपनियों ने अहम भूमिका निभाई। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर और ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज एनटीपीसी के शेयरों में 2-2 फीसदी की शानदार तेजी दर्ज की गई। व्यापक तौर पर देखें तो बाजार का सेंटीमेंट काफी सकारात्मक बना हुआ है, जिसमें 'आईटी' सेक्टर आज सबसे मजबूत प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बनकर उभरा है। आईटी सेक्टर के शानदार प्रदर्शन के साथ-साथ मीडिया सेक्टर में भी निवेशकों की ओर से अच्छी खरीदारी देखने को मिली। इसके अलावा, फाइनेंशियल और एफएमसीजी सेक्टर्स ने भी मामूली बढ़त के साथ बाजार को अहम सपोर्ट दिया, जो यह दशार्ता है कि निवेशकों के बीच चुनिंदा रिस्क लेने की क्षमता बरकरार है।

हालांकि, बाजार में हर तरफ हरियाली नहीं थी। मेटल्स, हेल्थकेयर, सीमेंट और फार्मा सेक्टर्स में आज भारी कमजोरी हावी रही, जिसने बाजार की और बड़ी उड़ान पर कुछ हद तक ब्रेक लगाने का काम किया। भारतीय बाजार की इस शानदार तेजी के विपरीत, ग्लोबल मार्केट्स में आज सुस्ती और मिला-जुला रुझान देखने को मिला। एशियाई बाजारों में जापान का टॉपिक्स इंडेक्स 0.2% गिर गया, जबकि हांगकांग के हैंग सेंग में 1.2% की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200, शंघाई कंपोजिट, और अमेरिका के एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में लगभग कोई बदलाव नहीं हुआ।

यूरोप में यूरो स्टॉक्स 50 फ्यूचर्स भी एकदम सपाट ही नजर आए। कुल मिलाकर, भारतीय शेयर बाजार की स्थिति फिलहाल काफी स्थिर नजर आ रही है। बाजार में एक अहम बदलाव यह देखने को मिल रहा है कि अब बाजार का नेतृत्व धीरे-धीरे टेक्नोलॉजी और घरेलू खपत से जुड़े सेक्टर्स की ओर शिफ्ट हो रहा है। यह ट्रेंड दिखाता है कि वैश्विक बाजारों की सुस्ती के बावजूद भारतीय बाजार अपनी मजबूत घरेलू बुनियाद पर आगे बढ़ रहा है।

# डीजल-एटीएफ पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा

## पेट्रोल पर राहत बरकरार, 16 जून से लागू होंगे नए दाम



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल गेन टैक्स को बढ़ा दिया है। जबकि पेट्रोल पर लगने वाला टैक्स अगले पखवाड़े के लिए जस का तस रखा गया है।

यह नई दरें 16 जून से लागू होंगी। सरकारी अधिसूचना के मुताबिक, डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 13.5 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, एटीएफ पर यह शुल्क 9.5 रुपये से बढ़ाकर 12.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पेट्रोल के निर्यात पर कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इसकी दर 1.5 रुपये प्रति लीटर बनी रहेगी। वित्त मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली मौजूदा दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। सरकार ने मार्च 26 को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क लगाया था और इसके बाद हर पखवाड़े (15 दिन) में दरों की समीक्षा की जा रही है। 16 मई को पेट्रोल पर भी निर्यात शुल्क लगाया गया था।

यह विंडफॉल टैक्स पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आए उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के मकसद से लगाया गया था। सरकार का कहना है कि इस कदम का मकसद कीमतों में अंतर का फायदा उठाकर निर्यातकों की ओर से अनुचित लाभ लेने से रोकना है। देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना है।

# सरकार ने डीजल और एटीएफ के निर्यात शुल्क में की बढ़ोतरी

## घरेलू ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने एटीएफ और डीजल के निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए इन दोनों ईंधनों पर निर्यात शुल्क में भारी बढ़ोतरी की है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार को डीजल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क में 14 रुपये प्रति लीटर और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात शुल्क में 12.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है।

हालांकि पेट्रोल के निर्यात शुल्क और घरेलू खपत के लिए पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले मौजूदा उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजस्व विभाग द्वारा जारी आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर अब 14 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ के निर्यात पर 12.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगाया जाएगा। संशोधित दरें मंगलवार से प्रभावी होंगी।

### देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता

इन शुल्क दरों की समीक्षा प्रत्येक पखवाड़े की जाती है। पिछली बार संशोधन 1 जून से लागू किया गया था। शुल्क दरें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की औसत कीमतों के आधार पर तय की जाती हैं। इस बीच, पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा नागरिकों और उद्योगों से ऊर्जा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की है। अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने ऊर्जा संरक्षण पर जोर दिया और बड़े औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से अपने उपभोक्ता पंपों के माध्यम से डीजल खरीदने का आग्रह किया, ताकि खुदरा पेट्रोल पंपों पर दबाव कम हो सके।

### सरकार ने डीजल बिक्री 200 लीटर प्रति व्यक्ति तय की

आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सरकार ने 11 जून को जारी अधिसूचना के तहत खुदरा पंपों से डीजल बिक्री की सीमा 200 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तय कर दी है। औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यकताओं के लिए उपभोक्ता पंपों का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। सुजाता शर्मा ने साफ किया कि यह व्यवस्था लगभग 90 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर लागू की गई है और इसका उद्देश्य आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाना है।

# सीएम विजय की सरकार ने 75,000 तक के कर्ज माफ किए, 14 लाख+ किसानों को फायदा



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने 14.43 लाख किसानों का 75,000 रुपये तक का सहकारी कर्ज माफ करने का एलान किया है। इससे ज्यादा कर्ज वालों को 35,000 रुपये की छूट मिलेगी। इस योजना पर सरकार लगभग 6,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी ताकि किसानों को अगली फसल के लिए मदद मिल सके। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने मंगलवार को किसानों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की। उन्होंने सहकारी बैंकों से लिए गए 75,000 रुपये तक के फसली कर्ज को पूरी तरह माफ करने का एलान किया है। यह छूट उन किसानों को मिलेगी जिन्होंने एक मई 2025 से 28 फरवरी 2026 के बीच कर्ज लिया था।

सरकार के इस फैसले से राज्य के 14.43 लाख किसानों को सीधा फायदा होगा। इस कर्ज माफी से सरकारी खजाने पर 5,932 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह फैसला लिया। सरकार का कहना है कि इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक के बाद जारी जानकारी के अनुसार, जिन किसानों ने 75,000 रुपये से ज्यादा का कर्ज लिया है, उन्हें भी राहत दी गई है। ऐसे किसानों का 35,000 रुपये का कर्ज माफ किया जाएगा। पिछले महीने सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए 50,000 रुपये तक की कर्ज माफी का एलान किया था। किसानों की मांग के बाद अब सरकार ने इस योजना के दायरे को बढ़ा दिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, सरकार को कर्ज माफी की पूरी राशि 45 से 60 दिनों के भीतर जारी करनी होगी। राज्य की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद मुख्यमंत्री ने लगभग 6,000 करोड़ रुपये की इस राहत पैकेज को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि इस फैसले से किसानों को अगली खेती के सीजन के लिए नया कर्ज लेने में बहुत मदद मिलेगी।

# पश्चिम एशिया में शांति: भारत के लिए बड़ी राहत, तेल आपूर्ति सुधरेगी, घटेगी महंगाई



**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध ने वैश्विक एवं भारतीय शेयर बाजारों को लेकर निवेशकों की धारणा बिगाड़ दी। युद्ध के बाद से भारतीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट दर्ज की गई। विदेशी निवेशक लगातार बिकवाल बने रहे। फरवरी को छोड़कर उन्होंने हर महीने बिकवाली की है और जून के पहले पखवाड़े में 62,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। हालांकि, समझौते की घोषणा से सोमवार को भारतीय शेयर बाजार करीब एक फीसदी उछल गए।

अमेरिका-ईरान में समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य होने से भारत जैसे दुनिया के बड़े कच्चे तेल आयातक देश को बड़ी राहत मिल सकती है। इससे न सिर्फ तेल आपूर्ति की चिंताएं कम होंगी, बल्कि मालभाड़ा और बीमा लागत भी घटेगी। आम आदमी से लेकर कंपनियों तक को लगातार बढ़ती महंगाई से भी बड़ी राहत मिलेगी। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) एवं कतर इसी मार्ग से कच्चा तेल निर्यात करते हैं।

### कच्चे तेल की कीमतों में पांच फीसदी की गिरावट

समझौते की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई है, जो युद्ध के दौरान 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। इससे पेट्रोल-डीजल की उत्पादन लागत बढ़ी और सरकारी तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा। हालांकि, विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल व डीजल के दाम में करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर और सीएनजी में 6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई।

### कीमतों में स्थिरता की उम्मीद

एलपीजी सिलिंडर भी दो चरणों में 89 रुपये महंगा हुआ। इस वृद्धि के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों को अब भी रोज करीब 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। विश्लेषकों का कहना है, होर्मुज खुलने से यह नुकसान धीरे-धीरे कम हो सकता है।

### होर्मुज से भारत का पहला जहाज निकला

समझौते के बाद सोमवार को होर्मुज से गुजरने वाले शुरुआती जहाजों में भारत की कंपनी पेट्रोनेट का चार्टर्ड एलएनजी टैंकर भी शामिल था। इसमें 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी है। यह 18 जून को गुजरात के दाहेज बंदरगाह पहुंचेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

मरीज - मुझे बीमारी है कि खाना खाने के बाद भूख नहीं लगती है, सोने के बाद नींद नहीं आती, काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर - तुमको बहुत बड़ी बीमारी है, एक काम करो, सारी रात धूप में बैठ जाओ जल्दी ही ठीक हो जाओगे।

---

एक शराबी डॉक्टर के पास पहुंचा और बोला- डॉक्टर साहब मैं कई दिनों से बीमार हूं
डॉक्टर बोला - तुम्हारा लिवर फूल गया है
शराबी- इसका मतलब कि अब इसमें और ज्यादा दारू आ सकती है! डॉक्टर चुप और शराबी मस्त

---

घर के बाहर पति काफी देर से इंतजार कर रहा था।
पति- अरे और कितनी देर लगाओगी?
पत्नी- चिल्ला क्यों रहे हो? आधे घंटे से कह रही हूं कि पांच मिनट में आ रही हूं। समझ में नहीं आता है क्या?

17 06 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन


सोना महापात्रा (सिंगर)


रचना यादव


प्रबुद्ध सौरभ


आदिल मलिक


आशु गोयल


अभिषेक अवस्थी


अमित शर्मा


प्रवीण कुमार वर्मा


रोहित गुर्जर


संदीप मित्तल


संदीप यादव


आकाश थनवाल


संदीप शर्मा


शाहरुख असलम


विक्की


शशि भूषण शर्मा


अशोक दहिया


राहुल तोमर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



## न्यूजीलैंड से ड्रॉ के बाद ईरान को तुरंत अमेरिका छोड़ने का आदेश

**तिजुआना।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के बाद ईरानी टीम को तुरंत अमेरिका छोड़कर तिजुआना लौटने के निर्देश दिए गए। कोच आमिर घालेनोई ने फीफा के रवैये पर सवाल उठाते हुए टीम को टूर्नामेंट की सबसे पीड़ित टीम बताया।

फीफा विश्व कप के अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड के साथ 2-2 से ड्रॉ होने के बाद अमेरिकी अधिकारियों द्वारा ईरान की टीम को तुरंत लॉस एंजिलिस छोड़ने के निर्देश दिए गए। इसके बाद मुख्य कोच आमिर घालेनोई ने अपनी टीम को टूर्नामेंट की सबसे पीड़ित टीम बताया। ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी, मिडफील्डर मोहम्मद मोहबी और कोच आमिर घालेनोई ने कहा कि लगातार सामने आ रही लॉजिस्टिक समस्याओं ने टीम की तैयारियों को प्रभावित किया है। कोच के अनुसार, सोमवार रात खेले गए मैच के तुरंत बाद टीम को अमेरिका में रुकने के बजाय मेक्सिको के तिजुआना स्थित अपने ट्रेनिंग बेस लौटने का निर्देश दिया गया।

# चार साल बाद ग्रैंड स्लैम खेलेंगी सेरेना विलियम्स

## विंबलडन 2026 में बहन वीनस के साथ दिखेंगी

**लंदन।** सेरेना विलियम्स करीब चार साल बाद ग्रैंड स्लैम में वापसी करने जा रही हैं। विंबलडन 2026 में उन्हें महिला युगल वर्ग के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है और वह अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ कोर्ट पर उतरेंगी। दोनों बहनों की जोड़ी टूनामेंट का बड़ा आकर्षण रहने वाली है।

टेनिस जगत की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स करीब चार साल बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में वापसी करने जा रही हैं। 44 वर्षीय अमेरिकी स्टार विंबलडन 2026 में अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स के साथ महिला युगल वर्ग में खेलती नजर आएंगी। टूर्नामेंट आयोजकों ने मंगलवार को महिला युगल के लिए वाइल्ड कार्ड प्राप्त जोड़ियों की घोषणा की, जिसमें विलियम्स बहनों का नाम भी शामिल है।

**चार साल बाद ग्रैंड स्लैम में वापसी**

सेरेना विलियम्स ने आखिरी बार किसी ग्रैंड स्लैम में यूएस ओपन 2022 के दौरान हिस्सा लिया था। उस टूनामेंट में उनका सफर तीसरे दौर में समाप्त हो गया था, जहां उन्हें अजला टोम्लजानोविच के खिलाफ तीन सेटों तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से उन्होंने किसी भी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया। अब विंबलडन 2026 के जरिए सेरेना एक बार फिर सबसे बड़े मंच पर वापसी करने जा रही हैं। उनकी वापसी ने टेनिस प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है।



**वीनस-सेरेना की जोड़ी पर रहेंगी नजरें**

वीनस और सेरेना विलियम्स महिला टेनिस इतिहास की सबसे सफल जोड़ियों में से एक रही हैं। दोनों बहनों ने साथ मिलकर कई ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीते हैं और ओलंपिक स्वर्ण पदक भी अपने नाम किए हैं। लंबे समय बाद दोनों को एक बार फिर विंबलडन के कोर्ट पर साथ खेलते देखना प्रशंसकों के लिए खास मौका होगा।

**हाल ही में की थी प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी**

सेरेना ने हाल ही में क्वींस क्लब चैंपियनशिप में वापसी की थी। वहां उन्होंने कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको के साथ युगल मुकाबले में जीत हासिल कर शानदार शुरूआत की थी। हालांकि उनकी जोड़ी ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकी क्योंकि म्बोको अपने एकल मुकाबले के दौरान चोटिल हो गई थीं।

**विंबलडन 2026 महिला युगल वाइल्ड कार्ड जोड़ियां**

- केटी बोल्टर / हीदर वॉटसन (ब्रिटेन)
- मेडेलीन ब्रूक्स / अमेलिया राजेकी (ब्रिटेन)
- जोडी बरेज / मिका स्टोजसाव्लजेविक (ब्रिटेन)
- फ्रेया क्रिस्टी / ईडन सिल्वा (ब्रिटेन)
- हैरियट डार्ट / माया लुम्सडेन (ब्रिटेन)
- एलिसिया डुडने / मिमी शू (ब्रिटेन)
- सेरेना विलियम्स / वीनस विलियम्स (अमेरिका)

# 40 साल का गोलकीपर, जिसने स्पेन के 'वंडरकिड्स' की बोलती बंद की, रातों-रात 50+ लाख पहुंचे फॉलोअर्स

**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप 2026 में केप वर्डे के 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा रातों-रात वैश्विक स्टार बन गए। विश्व कप डेब्यू कर रही केप वर्डे ने यूरोपीय चैंपियन स्पेन को 0-0 से रोक दिया, जिसमें वोजिन्हा ने सात शानदार बचाव किए। मैच से पहले इंस्टाग्राम पर उनके करीब 50 हजार फॉलोअर्स थे, लेकिन मुकाबले के बाद यह संख्या 50 लाख के करीब पहुंच गई। उनकी शानदार गोलकीपिंग ने स्पेन के युवा सितारों और स्टार खिलाड़ियों को गोल करने से रोक दिया।



फीफा विश्व कप 2026 में जहां युवा सितारे लामिन यमाल, निको विलियम्स और स्पेन की नई पीढ़ी चर्चा में थी, वहीं एक 40 वर्षीय गोलकीपर ने सारी सुर्खियां अपने नाम कर लीं। केप वर्डे के अनुभवी गोलकीपर वोजिन्हा ने स्पेन के खिलाफ ऐसा प्रदर्शन किया कि मैच खत्म होते-होते वह दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के नए हीरो बन गए। विश्व कप के अपने पहले ही मुकाबले में 64वें रैंकिंग वाली केप वर्डे टीम ने यूरोपीय चैंपियन और विश्व नंबर-तीन स्पेन को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया। इस ऐतिहासिक नतीजे के सबसे बड़े नायक वोजिन्हा रहे, जिन्होंने सात शानदार बचाव कर स्पेन के अटैकर्स को निराश कर दिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

**स्पेन के हमले, वोजिन्हा बने दीवार**

अटलांटा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्पेन ने शुरूआत से ही दबदबा बनाया और अपने नैचुरल टिकिटाका गेम को अपनाया। टीम ने बॉल पजेशन बनाए रखा और लगातार गोल करने की कोशिश की। स्पेन ने पूरे मैच में 27 शॉट लगाए, लेकिन कोई भी प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सका। केप वर्डे की रक्षा पंक्ति कई बार दबाव में दिखी, लेकिन हर बार वोजिन्हा दीवार बनकर सामने आए। यहां तक कि दूसरे हाफ में बार्सिलोना के युवा सुपरस्टार लामिन यमाल के आने के बाद भी स्पेन गोल नहीं कर पाया। विश्व कप इतिहास में डेब्यू मैच में क्लीन शीट रखने वाले सबसे उम्रदराज गोलकीपर बनकर वोजिन्हा ने एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

# वैभव वाले विवाद के बाद भारतीय टीम से बाहर हुआ यह खिलाड़ी

## अशोक शर्मा बने रिप्लेसमेंट

**दांबुला।** श्रीलंका में खेली जा रही त्रिकोणीय सीरीज के बीच इंडिया ए टीम को झटका लगा है। युधवीर सिंह चोट के कारण बाहर हो गए हैं, जबकि उनकी जगह तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को टीम में शामिल किया गया है।

श्रीलंका में जारी त्रिकोणीय सीरीज के बीच इंडिया ए टीम में बड़ा बदलाव किया गया है। तेज गेंदबाज युधवीर सिंह चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अशोक शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी।

**गुजरात टाइटंस के लिए अपनी रफ्तार से प्रभावित कर चुके हैं अशोक शर्मा**

अशोक शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए अपनी तेज गेंदबाजी से खासा प्रभावित किया था। इस युवा तेज गेंदबाज ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अपनी रफ्तार से सबको चौंका दिया। उन्होंने 150 किमी/घंटा की गति का आंकड़ा दो बार पार किया। 16वें ओवर में उन्होंने पहले डोनोवन फरेरा को 150.7 किमी/घंटा की तेज गेंद फेंकी, जबकि उसी ओवर की आखिरी गेंद पर ध्रुव जुरेल को 154.2 किमी/घंटा की रफ्तार से चौंका दिया।यह आईपीएल 2026 की अब तक की सबसे तेज गेंद थी। अब इसी प्रदर्शन के दम पर अशोक शर्मा को श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है।



**कंधे की चोट बनी युधवीर सिंह के बाहर होने की वजह**

बीसीसीआई के अनुसार, युधवीर सिंह को 13 जून को गेंदबाजी के दौरान दाएं कंधे में परेशानी महसूस हुई थी। इससे पहले 11 जून को फील्डिंग सत्र के दौरान भी उन्हें इसी तरह का दर्द हुआ था। बोर्ड ने अपने बयान में कहा कि विशेषज्ञ से सलाह के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने युधवीर को पूर्ण रूप से फिट होने के लिए चरणबद्ध पुनर्वास कार्यक्रम अपनाने की सलाह दी है। वह दाएं कंधे की रोटेटर कफ चोट से जूझ रहे हैं और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की निगरानी में रिहैब करेंगे।

**श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर क्यों भड़के सूर्यवंशी**

बता दें कि भारत ए और श्रीलंका ए के बीच मुकाबला 265-265 की बराबरी पर समाप्त हुआ था। इसके बाद खराब रोशनी के बावजूद सुपर ओवर खेला गया, जिसे लेकर पहले से ही विवाद था। सुपर ओवर में श्रीलंका ए ने जीत दर्ज की। मैच खत्म होने के बाद कथित तौर पर श्रीलंकाई खिलाड़ी विशेन हलाम्बागे ने वैभव सूर्यवंशी से कहा, 'मैच खत्म हो गया, अब घर जाओ।' बताया जाता है कि इसी टिप्पणी के बाद वैभव नाराज हो गए और दोनों खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। वायरल वीडियो में दोनों खिलाड़ियों को एक-दूसरे के करीब आकर बहस करते देखा गया, जिसके बाद साथी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने बीच-बचाव किया। विवाद को और बढ़ाने वाली बात यह रही कि मैच में भारत ए पर पहले ही 10 पेनल्टी रन लगाए गए थे और खराब रोशनी में सुपर ओवर कराने के फैसले पर भी सवाल उठे।

# 'बॉल दिख ही नहीं रही थी': खराब रोशनी में हुआ सुपर ओवर

## तिलक वर्मा ने अंपायरिंग को लेकर किया बड़ा खुलासा

**दांबुला।** इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच त्रिकोणीय सीरीज मुकाबले में सुपर ओवर को लेकर बड़ा विवाद हुआ। खराब रोशनी में मैच कराने के फैसले पर तिलक वर्मा ने अंपायरिंग पर सवाल उठाए।

इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच त्रिकोणीय सीरीज का यह मुकाबला सिर्फ रोमांच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि फैसलों और हालातों को लेकर बड़े विवाद में बदल गया। 100 ओवरों के खेल के बाद स्कोर बराबरी पर था, लेकिन जो सुपर ओवर खेला गया, उसने पूरे मैच की तस्वीर ही बदल दी। मैच के दौरान जैसे-जैसे शाम ढलती गई, मैदान पर रोशनी लगातार खराब होती गई, लेकिन इसके बावजूद सुपर ओवर कराने का फैसला लिया गया। इसी फैसले ने खिलाड़ियों की मुश्किलें बढ़ा दीं और मैच के माहौल को तनावपूर्ण बना दिया।

**निर्धारित ओवरों के बाद बराबरी पर पहुंचा मुकाबला:** 100 ओवरों के खेल के बाद दोनों टीमें 265-265 के स्कोर पर बराबरी पर थीं, जिसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से किया गया। हालांकि, खराब रोशनी के चलते पहले ही इस फैसले पर सवाल उठने लगे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय कप्तान तिलक वर्मा सुपर ओवर कराने के पक्ष में थे, जबकि ऑन-फील्ड अंपायर खराब रोशनी को लेकर असहज नजर आए। वहीं, श्रीलंकाई टीम ने इस बहस में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। बाद में अधिकारियों की सहमति के बाद यह तय हुआ कि सुपर ओवर खेला जाएगा, लेकिन शर्त रखी गई कि रोशनी और खराब होने पर खेल रोक दिया जाएगा।



**श्रीलंका ने बनाए 16 रन, भारत को मिला 17 का लक्ष्य:** पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ए ने 6 गेंदों में 16 रन बनाए और भारत ए के सामने 17 रनों का लक्ष्य रखा। जब भारतीय टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी तो रोशनी और खराब हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद मैच रोका नहीं गया। इस दौरान तेज गेंदबाज को गेंदबाजी की अनुमति दी गई, जिससे हालात और मुश्किल हो गए। मैदान पर मौजूद लोगों के लिए गेंद देखना भी मुश्किल हो रहा था। एक भारतीय खिलाड़ी को यह कहते हुए सुना गया ऱ्यार, बॉल दिख ही नहीं रही है।

**भारत की पारी लड़खड़ाई, सुपर ओवर में हार:** लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय जोड़ी वैभव सूर्यवंशी और सूर्यांश शेडगे गेंद को सही तरह से खेल नहीं पाई और टीम सिर्फ 9 रन ही बना सकी।

इस तरह इंडिया ए को सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा। फाइनल व्हिसल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। श्रीलंकाई खिलाड़ियों और वैभव सूर्यवंशी के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

# सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय टीम, क्या इन दो धुरंधरों की प्लेइंग-11 में होगी वापसी

**लखनऊ।** अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम आज लखनऊ में दूसरा मुकाबला खेलेगी। टीम इंडिया की नजर सीरीज अपने नाम करने पर होगी, लेकिन इसके साथ ही 2027 विश्व कप की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन कुछ नए संयोजनों को भी आजमा सकता है। यशस्वी जायसवाल और कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच बुधवार को तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच दोपहर दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा। धर्मशाला में बारिश से प्रभावित पहले वनडे में भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई थी। अब लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होने वाले दूसरे मुकाबले में जीत भारत को अजेय बढ़त दिला सकती है। हालांकि, भारतीय टीम की नजर सिर्फ मौजूदा सीरीज पर नहीं है। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए टीम मैनेजमेंट प्रयोग करना चाहता है। कप्तान शुभमन गिल पहले ही साफ कर चुके हैं कि टीम का फोकस अलग-अलग विकल्पों को आजमाने पर रहेगा।



**रोहित की फिटनेस पर नजर, जायसवाल को मिल सकता है मौका**

पहले वनडे में रोहित शर्मा बल्लेबाजी के दौरान कलाई पर गेंद लगने के बाद असहज नजर आए थे। हालांकि उन्होंने बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर कुछ सवाल बने हुए हैं। यदि टीम प्रबंधन एहतियात के तौर पर रोहित को आराम देने का फैसला करता है तो यशस्वी जायसवाल को मौका मिल सकता है। बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने हाल के महीनों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और सीमित अवसरों में खुद को साबित भी किया है। पहले वनडे में भारत ने कुलदीप यादव को आराम देकर बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे को डेब्यू का मौका दिया था। आईपीएल और अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में भी वह संघर्ष करते दिखे थे। इसके बावजूद वनडे क्रिकेट में उनका अनुभव और बीच के ओवरों में विकेट निकालने की क्षमता टीम के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

**तेज गेंदबाजी विभाग में बदलाव मुश्किल**

पहले मैच में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले गुरनूर बराड़ ने तीन विकेट लेकर शानदार शुरूआत की थी। ऐसे में उन्हें एक और मौका मिलना लगभग तय माना जा रहा है। आईपीएल में प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को अभी इंतजार करना पड़ सकता है। भारत के तेज गेंदबाजों ने पहले मुकाबले में अनुशासित प्रदर्शन किया था और टीम प्रबंधन उसी संयोजन को बरकरार रखना चाहेगा।

**अफगानिस्तान को एकजुट होने की जरूरत**

अफगानिस्तान के लिए पहले वनडे में रहमानुल्लाह गुरबाज ने शानदार शतक लगाया था, लेकिन उन्हें दूसरे बल्लेबाजों का पर्याप्त साथ नहीं मिला। टीम को दूसरे मैच में बेहतर सामूहिक बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। राशिद खान, एएम गजनफर और मोहम्मद नबी की स्पिन तिकड़ी धर्मशाला में प्रभाव नहीं छोड़ पाई थी, लेकिन लखनऊ की पिच स्पिनरों के लिए अधिक मददगार साबित हो सकती है। बहरहाल, भारत के पास सीरीज जीतने का मौका है, वहीं अफगानिस्तान के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा होगा।

**भारत की संभावित प्लेइंग-11:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा/यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव/हर्ष दुबे, गुरनूर बराड़, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**अफगानिस्तान की संभावित प्लेइंग-11:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), सेदिकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रहमत शाह/दरविश रसूली, अजमतुल्लाह ओमरजई, अल्लाह गजनफर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, जिया उर रहमान शरीफी, फरीद अहमद मलिक/मोहम्मद सलीम साफी।

# भारत ने जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह, सलीमा टेटे-लालरेम्सियामी चमकीं

**ऑकलैंड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने कप्तान सलीमा टेटे और लालरेम्सियामी के गोल की मदद से जापान को 2-1 से हराकर एफआईएच नेशंस कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ऑकलैंड में खेले गए एफआईएच नेशंस कप मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान सलीमा टेटे और स्टार फॉरवर्ड लालरेम्सियामी के गोल भारत की जीत का आधार बने।

**लगातार दूसरी जीत से भारत ने पक्की की सेमीफाइनल सीट**

यह टूर्नामेंट में भारत की लगातार दूसरी जीत रही। इससे पहले टीम ने अमेरिका को हराया था। इस जीत के साथ भारत के छह अंक हो गए हैं और टीम ने अंतिम चार में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया है। अब विजेता टीम अगले सत्र में एफआईएच प्रो लीग में जगह बनाएगी।



**सलीमा टेटे ने तीसरे क्वार्टर में खोला स्कोर**

पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर में भारत ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढ़त हासिल की। निक्की प्रधान ने नवनीत कौर के प्रयास को सलीमा टेटे की ओर मोड़ा, जिन्होंने गेंद को नेट में डालकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

**जापान ने तुरंत किया पलटवार**

भारत की बढ़त ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। जापान ने दो मिनट के भीतर ही वापसी करते हुए ऐ हिरमित्सु के पेनल्टी कॉर्नर गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्वार्टर में भारत ने फिर से बढ़त हासिल की। 49वें मिनट में लालरेम्सियामी ने शानदार फिनिश करते हुए गेंद को नेट में डाल दिया। सुशीला चानू के सटीक पास ने इस गोल की नींव रखी और भारत को 2-1 से अहम जीत दिलाई। इस मैच में मिडफील्डर ज्योति ने अपने करियर का 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। भारत अब अपने पूल ए के आखिरी मैच में उरुग्वे से भिड़ेगा, जबकि जापान और अमेरिका सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगे।

# वैभव सूर्यवंशी के गुस्से पर सवाल क्यों

## खेल जगत के दिग्गज भी जवानी में खो चुके हैं आपा

**दांबुल।** भारत ए और श्रीलंका ए मैच के बाद वैभव सूर्यवंशी की प्रतिक्रिया को लेकर बहस छिड़ी हुई है। हालांकि, खेल इतिहास बताता है कि जवानी में आक्रामकता और भावनाओं पर नियंत्रण खोना असामान्य नहीं है। वैभव तो फिर भी अभी बच्चे हैं। विराट कोहली, सौरव गांगुली, गौतम गंभीर, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, लियोनल मेसी, नेमार, रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच जैसे दिग्गज भी अपने करियर में कई बार मैदान पर गुस्सा दिखा चुके हैं। सवाल यह नहीं कि खिलाड़ी नाराज हुआ, बल्कि यह है कि वह उससे क्या सीखता है।

भारत ए और श्रीलंका ए के मैच के बाद 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी चर्चा के केंद्र में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंकाई खिलाड़ी की टिप्पणी के बाद वैभव नाराज हो गए और मैदान पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनके व्यवहार को लेकर बहस शुरू हो गई,



लेकिन क्या खेल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है? शायद नहीं। दुनिया के कई महान खिलाड़ी अपने शुरूआती दिनों में भावनाओं पर नियंत्रण खो चुके हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि बाद में उन्होंने उसी जुनून को अपनी ताकत बना लिया। वैभव तो फिर भी अभी बच्चे हैं।

**पूरा मामला क्या है?**

भारत ए और श्रीलंका ए के बीच मुकाबला 265-265 की बराबरी पर समाप्त हुआ था। इसके बाद खराब रोशनी के बावजूद सुपर ओवर खेला गया, जिसे लेकर पहले से ही विवाद था। सुपर ओवर में श्रीलंका ए ने जीत दर्ज की। मैच खत्म होने के बाद कथित तौर पर श्रीलंकाई खिलाड़ी विशेन हलाम्बागे ने वैभव सूर्यवंशी से कहा, 'मैच खत्म हो गया, अब घर जाओ।' बताया जाता है कि इसी टिप्पणी के बाद वैभव नाराज हो गए और दोनों खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।

वायरल वीडियो में दोनों खिलाड़ियों को एक-दूसरे के करीब आकर बहस करते देखा गया, जिसके बाद साथी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने बीच-बचाव किया। विवाद को और बढ़ाने वाली बात यह रही कि मैच में भारत ए पर पहले ही 10 पेनल्टी रन लगाए गए थे और खराब रोशनी में सुपर ओवर कराने के फैसले पर भी सवाल उठे। ऐसे में मुकाबले के बाद मैदान का माहौल पहले से ही काफी गर्म था, जिसने इस विवाद को और तूल दे दिया।

# क्यों टूटा हुआ महसूस कर रहे स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल

## तकनीक के इस्तेमाल की उठाई मांग

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पॉज्नान चैलेंजर में विवादित अंपायरिंग कॉल के बाद खुद को टूटा हुआ बताया और टेनिस में तकनीक के अधिक उंपयोग की मांग की।

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पॉज्नान चैलेंजर के शुरूआती राउंड में एक विवादित अंपायरिंग कॉल के बाद टेनिस में रेफरी सिस्टम की आलोचना की है। मंगलवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी और निराशा जाहिर की।

### 'मैं बहुत निराश और टूटा हुआ महसूस कर रहा था'

नागल ने बताया कि एक पॉइंट के दौरान वह गेंद की ओर दौड़े, जो स्पष्ट रूप से आउट थी। उस समय कोर्ट पर लाइन जज और चेयर अंपायर मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी कॉल नहीं दिया। उन्होंने लिखा ऱमैंने तुरंत हाथ उठाया, लेकिन अंपायर ने कहा कि उन्होंने नहीं देखा। इसके बाद उन्होंने नीचे जाकर मार्क चेक करने से भी मना कर दिया।



### नियमों के बावजूद नहीं मिली सुनवाई

28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि एटीपी नियमों के तहत खिलाड़ी को गेंद के बाउंस के बाद एक बार स्ट्राइक करने और फिर कॉल को चुनौती देने की अनुमति होती है, बशर्ते खेल पर असर न पड़े। नागल का कहना है कि उनकी अपील भी इन्हीं नियमों के तहत थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सही सुनवाई नहीं मिली।

### एक ही पॉइंट में तीन गलत फैसले का आरोप

नागल ने दावा किया कि उन्हें एक ही पॉइंट में तीन गलत फैसलों का सामना करना पड़ा न कॉल दिया गया, न रेफरी नीचे आए और न ही उनकी अपील को सही तरीके से देखा गया। उन्होंने कहा कि उस समय मैं बहुत निराश और टूटा हुआ महसूस कर रहा था, क्योंकि मैं खुद का बचाव भी नहीं कर सका।

उस पॉइंट के बाद आगे खेलना मेरे लिए भावनात्मक रूप से मुश्किल हो गया।

**अंपायरिंग सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल**

भारतीय खिलाड़ी ने टेनिस में अंपायरों की जवाबदेही पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को गलतियों के लिए आर्थिक दंड मिलता है, लेकिन अंपायरों पर ऐसी कोई जवाबदेही नहीं होती। नागल ने एटीपी और इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) से अपील करते हुए कहा कि चैलेंजर स्तर के मैचों में तकनीक का अधिक उपयोग होना चाहिए ताकि गलत फैसलों से बचा जा सके। उन्होंने लिखा 2026 में जब तकनीक उपलब्ध है, तो मैच सिर्फ रेफरी पर निर्भर नहीं होने चाहिए। खिलाड़ियों को भी अपने बचाव का मौका मिलना चाहिए।

# गाजियाबाद आसपास




# संदीप सिंह का वागदान समारोह हिमानी नागर के साथ धूम-धाम से सम्पन्न



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संदीप सिंह का सगाई समारोह हिमानी नागर के साथ सोमवार को तनुश्री ग्रैन्ड बैंकट हॉल में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सगाई समारोह में संदीप और हिमानी को शुभकानायें और आशीर्वाद देने के लिए समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने संदीप और हिमानी को शुभकामनायें और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर दोनों के परिवारों ने सगाई समारोह में आये सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए आभार व्यक्त किया।




## किसने किसके लिए कह दिया यहां डॉग बैठे थे चले गये

सियासत वालों के यहां इन दिनों सीन गजब का चल रहा है। या तो वो 12 साल के अचीवमेंट पर ताली बजा रहे हैं या फिर मौका मिलते ही एक दूसरे को गाली दे रहे हैं। ताना कभी कभी कॉन्स्टीट्यूशनल होता है और कभी कभी नॉन कॉन्स्टीट्यूशनल भी होता है। किस्सा सियासत वालों के ड्रॉईंग रूम से बाहर आया है। दरअसल किसी को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। और वो जब आये तो वो एक पुराने साथी के यहां मिलने गये। यहां पर बड़े एक्स थे और छोटे एक्स भी आ गये। इसी बीच वो भी आ गये जिनके हाथ में कमान है और उनके शब्दों में गजब का उफान है। मेहमानखाने में मौजूद मेजबान और मेहमान तब हैरान रह गये जब जुबान से कुछ शब्द निकले। दरअसल किसी जोन को लेकर बात हुई और फिर उनकी जुबान की टोन चेंज हो गयी। पहले कहा गया कि 'आई विल सी कौन रोकेगा'। इसके बाद उनकी निगाह रोकने वाले पर पड़ गयी। अब जो रोकने के लिए जोर लगा रहे हैं वो शब्दों के उबाल को समझ गये और किसी भी बवाल को टालने के लिहाज से चुपचाप मेहमान कक्ष से बाहर आ गये। लेकिन उनकी जुबान के तीरों से कोई बच जाये ऐसा कैसे हो सकता है। फिर जो सबने सुना वो ये था कि अरे यहां डॉग बैठे थे चले गये क्या। अब शब्दों के इस फॉग को हरकोई समझ रहा था कि ये डॉग किसे कहा गया है।

## नोएडा वाले इस बार नहीं आये बिरादरी वालों के साथ अपना बर्थ डे मनाने

वैसे तो एक बार गाजियाबाद की सिथति ऐसी हो गयी थी कि ये चुनावी सैलानियों का टूरिस्ट हब बन गया था। कोई कहीं से तो कोई कहीं से यहां चुनाव लड़ने आ गया। फिर कुछ ऐसा हुआ कि जो जीते थे वो भी गाजियाबाद छोड़कर चले गये और जो हारे थे उनके भी दर्शन फिर नहीं हुए। इसी बीच जब सब आ रहे थे तो एक कैप्टन साहब भी चुनावी इच्छा लेकर गाजियाबाद में अवतरित हुए। बिरादरी वाले महापुरूष का बैंकट हॉल लिया गया और फिर हैप्पी बर्थ डे के नारे लगे। उन्हें लग रहा था कि एक से ही काम चल जायेगा मगर कैप्टन साहब को नहीं पता था कि ये जिला गाजियाबाद है। उसके बाद जिन बिरादरी वालों को लग रहा था कि कैप्टन साहब तो हमारे हैं उनका भी खुमार धीर धीरे उतर गया। इस बार बर्थ डे मना और कैप्टन साहब गाजियाबाद नहीं आये। जिसे बर्थ डे की बधाई देनी है वो उनके ही घर आ जाये। तफरी भी बिरादरी वाले ने ली और उसने कहा कि चुनावी ईयर 2027 में आयेगा। तब आप देख लेना अगर दावेदारी वाला टाईम रहा तो अगला यहीं नजर आयेगा और अगर दावेदारी का समय निकल गयातो बर्थडे का केक नोएडा में कटेगा।

## मंडल अध्यक्ष और नामित को बुलाया जायेगा मगर हमें नहीं

फूल वाली बगिया में इन दिनों फूल वाले ही अगिया बेताल हो रहे हैं। वो आग उगल रहे हैं और ये लावा अपनों के लिए ही फूट रहा है। इलैक्शन जीते मैम्बरों की टेंशन ये है कि आखिर हम पर वो अटेंशन क्यों नहीं दे रहे हैं। पार्टी ने टिकट हमें दिया, जनता के बीच हम गये, वोट हमने मांगे, जनादेश हमें मिला और हमारा ही मजाक बनाकर रख दिया गया है। पार्षद की पीड़ा शब्दों में बाहर आ गयी। उन्होंने कहा कि अब इससे बड़ी विड़म्बना क्या होगी कि मेरे ही वार्ड में विकास कार्य का उद्घाटन होना है। मैंने ही विकास कार्य का प्रस्ताव रखा। और जब नारियल वाला सीनआता है तो हमारे साथ ही खेला हो जाता है। जो उद्घाटन करने के लिए आये हैं उन्होंने नामित को बुलवा लिया। उन्होंने मंडलअध्यक्ष कोबुलवा लिया, मगर हमसे ऐसी अदावत है कि हमारे ही मौहल्ले मेंहमें ही नहीं बुलाया गया। उन्होंने कहा कि एक बार हुआ हो तो संयोग मान लें मगर ऐसा तो दो बार पहले हो चुका। हम तो किसी दिन ये पूछने ही वाले हैं कि हूजूर हम आपके दिये टिकट पर चुनाव नहीं लड़े थे और आपने हमारे लिये वोट भी नहीं मांगे थे फिर ये इतनी बेरूखी किस अहसान के बदले हो रही है।

## स्पोर्टस



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड संख्या 12 में स्थित गौतमबुद्ध पार्क में युवा अंतरवार्ड टेनिस टूर्नामेंट में सुपरजॉईंट ने केएल स्ट्राईकर को चार विकेट से हराकर ट्रोफी जीत ली। मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार कप्तान देव गौतम (देबू) को शानदार 47 रन बनाने के लिए दिया गया। पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम तथा क्रिकेट कोच पंकज त्यागी तथा सीए योगेश गौतम ने इन बाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम खुद भी एक खिलाड़ी हैं और वो हमेशा से खेल कूद की गतिविधियों को तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं। प्रवीण कुमार मुलायम के संयोजन में ये टूर्नामेंट आयोजित कराया गया।

# जीडीए के विशेष कैंप में पहले ही दिन बड़ी राहत



**➩ओटीएस में 72 आवेदनों को मंजूरी, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को मिला पजेशन लेटर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा जनसाधारण की सहूलियत और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए मंगलवार को एक विशेष राहत शिविर (कैंप) का आयोजन किया गया। कैंप के पहले ही दिन आवंटियों को बड़ी राहत मिली और प्राधिकरण के अधिकारियों ने वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया।

ओटीएस योजना : 72 लंबित आवेदनों को हरी झंडी, मौके पर मिला गणना चार्ट

कैंप के दौरान ओटीएस योजना के प्रति आवंटियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्राधिकरण को इस योजना के तहत 21 नए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए 72 पुराने और लंबित आवेदनों को तत्काल मंजूरी दे दी। नियमों के अनुरूप न होने के कारण 01 आवेदन को निरस्त भी किया गया। राहत की बात यह रही कि अधिकारियों ने आवेदकों के एप्लीकेशन का मौके पर ही डिस्पोजल कर उन्हें तत्काल गणना चार्ट उपलब्ध करा दिया।

**मधुबन बापूधाम प्रधानमंत्री आवास योजना : मौके पर हुए रजिस्ट्री के आदेश और नामांतरण**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मधुबन बापूधाम के लाभार्थियों के लिए आयोजित विशेष रजिस्ट्री कैंप भी बेहद सफल रहा। कैंप में रजिस्ट्री के लिए 20 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 07 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर रजिस्ट्री के आदेश जारी कर दिए गए। इसके साथ ही, एक लाभार्थी को तत्काल नामांतरण-पत्र (म्यूटेशन लेटर) निर्गत किया गया। वहीं कैंप में उपस्थित हुए एक अन्य आवंटी को मौके पर ही फ्लैट का कब्जा-पत्र (पजेशन लेटर) सौंप दिया गया।

**नागरिकों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील**

जीडीए प्रशासन ने इस सफल कैंप के बाद गाजियाबाद के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में पहुँचें और अपनी लंबित समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराएं। प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि जीडीए आम जनता की सुविधा, पारदर्शिता और त्वरित सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# लखनऊ में उद्यमी डॉ. पी. कुमार ने मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद से की भेंट




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उद्यमी डॉ. पी. कुमार ने लखनऊ लोक भवन में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय लोक भवन में संपन्न हुई। भेंट के दौरान डॉ. पी. कुमार ने प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। संजय प्रसाद ने डॉ. कुमार के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

डॉ. पी. कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव को उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।




## टीआरपी में हाई चल रहे हैं सिटी वाले साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों सिटी वाले साहब की टीआरपी बेहद हाई चल रही है। बताया जा रहा है कि जब से दिल्ली से सटे वाले थानाक्षेत्र में बड़ा वाला कांड हुआ है। तब से उनकी टीआरपी हाई चल रही है, वह कार्रवाई से लेकर खुलासों के मामले में सबसे आगे चल रहे हैं। फुल एनकाउंटर वाली लिस्ट में भी उनका जोन और उनका नाम टॉप पर बना हुआ है। तो अब सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से सिटी में हुए करोड़ों रुपए की चोरी के मामले का उनकी टीम ने खुलासा किया है, उससे उनकी वर्किंग की चर्चा और तारीफ हो रही है। अब बताया जा रहा है कि जिस तरीके से उन्होंने दिल्ली से सटे वाले थानाक्षेत्र में ऑपरेशन क्लीन की शुरूआत की थी, अब धीरे-धीरे नदिया पार के बाद अब सिटी में भी एंट्री ले चुका है। बीते दिनों उन्होंने गाजियाबाद के सबसे बड़े एक खास धर्म वाले इलाके में बड़ा अभियान चलाया है, तो जहां बदमाशों ने कहा कि योगी जी माफ कर दो, अब दोबारा क्राइम नहीं करेंगे, ऐसे सीन और हाथों में तख्ती वाला संदेश




ना सिर्फ यूपी पुलिस की शान बढ़ाई है बल्कि इसका मैसेज सीधे लखनऊ तक भी गया है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके सिटी वाले साहब ने तीन महीने से अधिक का समय हो जाने के बाद सिटी और नदिया पार की बेहतर ढंग से कमान संभाल रखी है। उसकी चर्चा जमकर हो रही है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि अगर जून वाले महीने में कोई आईपीएस वाली पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से संबंधित कोई लिस्ट नहीं आती है, तो फिर कहा जा रहा है कि सिटी वाले साहब यहां कांवड़ वाली यात्रा पूरी ही करवा कर आगे की तैयारी करेंगे। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि जिस तरीके से वह एक साथ दो-दो जोन संभालने की जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से संभाल रहे हैं। तो कहा जा रहा है कि अब उनका अगला ठिकाना नदिया पार भी हो सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा कि जून वाले महीने में कब तक आईपीएस और एसीपी स्तर वाली पेंडिंग लिस्ट आती है और फिर इस लिस्ट का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में किस-किस फेस पर रिएक्शन और एक्शन दिखाई देता है। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि आने वाली लिस्ट का टविस्ट् पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में काफी हद तक नजर आना चाहिए।

# पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड : दोषियों को मिले सख्त सजा : तरुण कुमार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तरुण कुमार अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति गाजियाबाद ने कहा कि पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। चिराग सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं थे, वो हौसले की मिसाल थे। शारीरिक चुनौती के बावजूद उन्होंने खेल के मैदान में देश का नाम रोशन किया। ऐसे जाबांज खिलाड़ी की निर्मम हत्या किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्म की बात है। खेल और देशसेवा का जज्बा रखने वाले चिराग के साथ हुई इस वारदात ने हर भारतीय को दुख और गुस्से से भर दिया है। समाज को यह संदेश देना जरूरी है कि खिलाड़ियों और मेहनतकश लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। कानून को अपना काम बिना किसी दबाव के करना चाहिए। इस हत्याकांड में शामिल सभी दोषियों की जल्द पहचान हो और उन्हें फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर कठोरतम सजा मिले। सख्त सजा ही पीड़ित परिवार को न्याय देगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाएगी।

# 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा भाजपा ओबीसी मोर्चा

## गांव-गांव तक पहुंचें पदाधिकारी : राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण




**लखनऊ, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण प्रदेश पदाधिकारी बैठक राजधानी लखनऊ में भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीतियों, संगठन विस्तार और ओबीसी समाज के बीच पार्टी की पकड़ को और अधिक मजबूत करने को लेकर व्यापक मंथन किया गया। बैठक मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद डॉक्टर के लक्ष्मण जी रहे एवं बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए धरातल पर सक्रिय भूमिका निभाएं।

**➩प्रदेश पदाधिकारी बैठक में संगठन विस्तार, ओबीसी सम्मेलन और मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश**

**मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर चलेगा विशेष अभियान**

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक व्यापक और विशेष जनसंपर्क अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्वच्छता अभियान और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाएं। गांव-गांव, घर-घर जाकर प्रत्येक वर्ग से सीधा संवाद स्थापित करें।

**बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति**

आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नरेंद्र कश्यप ने संगठन के ढांचे को और धार देने की बात कही। इसके तहत जिला, मंडल और बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। रणनीति के मुख्य बिंदु : उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ओबीसी समाज के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। समाज के सभी पिछड़े और वंचित वर्गों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। क्षेत्र के प्रभावशाली और प्रबुद्ध लोगों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पार्टी का जनाधार बढ़ाया जा सके।

**'ओबीसी समाज भाजपा की शक्ति'**

बैठक के दौरान ओबीसी समाज की सभी जातियों को एक साझा मंच पर लाकर संगठन को अभेद्य मजबूती देने की रणनीति पर भी गंभीर चर्चा हुई। पदाधिकारियों से साफ तौर पर कहा गया कि वे समाज के बीच जाकर भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों और सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और अधिक से अधिक लोगों को प्राथमिक सदस्यता दिलाकर संगठन से जोड़ें। जिसमें मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा डॉ. के. लक्ष्मण , प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मंच साझा करते हुए चुनावी रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

'ओबीसी समाज भारतीय जनता पार्टी की असली शक्ति है और आगामी चुनावों में इस समाज की भूमिका अत्यंत निर्णायक रहने वाली है। सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करें तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2029 में पुन: भारी बहुमत से विजय दिलाने के लक्ष्य को लेकर अभी से जनता के बीच सक्रिय हो जाएं।' — नरेंद्र कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा ओबीसी मोर्चा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा जनता के मुद्दों को लेकर तो सोशल मीडिया पर मुखर रहते ही हैं। वे अपने परिवार की खुशियों को भी अपने फेसबुक परिवार के साथ साझा करते हैं। छोटे बेटे कुशल और पुत्र वधु आकांक्षा की मैरिज एनिवर्सरी पर उन्होंने उन्हें स्वस्थ और प्रसन्न रहने का आशीर्वाद दिया। अशु वर्मा ने इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया और उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# शादी का रिश्ता टूटने से नाराज युवक ने युवती को मारी गोली, बहन भी हुई घायल, आरोपी गिरफ्तार

## डीसीपी-एसीपी के नेतृत्व में किया गया था घटना स्थल का निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा थानाक्षेत्र के आदर्श नगर में मंगलवार की शाम शादी का रिश्ता टूटने से नाराज एक युवक ने युवती पर गोली चला दी। युवती को बचाने के दौरान उसकी बहन भी गोली लगने से घायल हो गई। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना के कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने आरोपी युवक जानी को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने बताया है कि आरोपी जानी और युवती पहले से एक-दूसरे को जानते थे। करीब एक वर्ष पूर्व दोनों का विवाह तय हुआ था, लेकिन किसी कारणवश रिश्ता टूट गया। प्रारंभिक जांच में इसी विवाद को घटना का कारण माना जा रहा है।



### युवती को बचाने में बहन को भी लगी गोली

**करंट क्राइम :** घटना के दौरान आरोपी ने युवती पर फायरिंग की। युवती को बचाने के प्रयास में उसकी बहन भी गोली की चपेट में आ गई। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए।

### कुछ ही घंटों में आरोपी गिरफ्तार



**करंट क्राइम :** घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई टीमें गठित कर दबिश दी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी जानी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उसने शादी का रिश्ता टूटने से नाराज होकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# 6.3 की तीव्रता से कांपा चीनः 40 मिनट में लगे आठ भूकंप के झटके

## किंगहाई प्रांत में एक की मौत और चार लोग घायल

**नई दिल्ली।** चीन के किंगहाई प्रांत में मंगलवार शाम 6.3 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसका केंद्र हैक्सी प्रान्त में 10 किलोमीटर गहराई पर था। कम आबादी वाले इस पर्वतीय क्षेत्र में 5 तीव्रता के आफ्टरशॉक्स भी महसूस किए गए हैं।

चीन का किंगहाई प्रांत मंगलवार को तेज भूकंप के झटकों से दहल उठा। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई है। इस शक्तिशाली झटके के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। लोग डर के मारे अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र हैक्सी प्रान्त में था। चीनी प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव दल को अलर्ट मोड पर डाल दिया है।



### 40 मिनट में लगे आठ बड़े झटके

स्थानीय आपदा प्रबंधन और चीनी मीडिया के हवाले से बेहद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं। चीनी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, महज 40 मिनट के भीतर इलाके में करीब आठ बार भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। बार-बार हिलती धरती के कारण राहत और बचाव कार्य में जुटे कर्मियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग लगातार हो रहे इन आफ्टरशॉक्स के कारण खौफ में हैं और खुले आसमान के नीचे वक्त बिता रहे हैं।

### 10 किलोमीटर गहराई में था केंद्र

भूकंपीय वेधशाला के अनुसार, यह भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम करीब 5:06 बजे आया। धरती के भीतर महज 10 किलोमीटर की गहराई पर इसका केंद्र था। गहराई कम होने की वजह से झटके बेहद तेज महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हैक्सी प्रान्त का पहाड़ी और सुदूर इलाका है। झटका इतना तेज था कि आसपास के कई जिलों में भी धरती हिलने की खबर है। शुरूआती झटके के बाद लोग काफी देर तक सहमे रहे।

### लगातार आफ्टरशॉक्स से बढ़ी चिंता

मुख्य झटके के बाद इलाके में लगातार आफ्टरशॉक्स दर्ज किए जा रहे हैं। इनमें से एक आफ्टरशॉक की तीव्रता 5 मापी गई है। बार-बार हिलती धरती ने प्रशासन और नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। आपदा प्रबंधन विभाग ने इस घटना को 2 का स्कोर दिया है, जिसका मतलब है कि बड़े नुकसान की आशंका सीमित है। यह पूरा क्षेत्र भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव वाले हिस्से पर स्थित है, इसलिए यहां अक्सर बड़े भूकंप आते रहते हैं।

# तनिष्क शोरूम चोरी कांड का 4 दिन में खुलासा, कर्मचारी निकला मास्टरमाइंड

## पिता और महिला मित्र समेत तीन गिरफ्तार, केस खोलने वाली टीम को 50 हजार का ईनाम

### महंगे शौक और ऐशो-आराम की जिंदगी के लिए रची करोड़ों की चोरी की साजिश, 3.16 करोड़ का माल बरामद

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** कविनगर थाने के आरडीसी तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में हुई करोड़ों रुपये के आभूषणों की सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने महज चार दिनों में खुलासा कर दिया है। इस हाई-प्रोफाइल चोरी की वारदात का मास्टरमाइंड कोई बाहरी बदमाश नहीं बल्कि शोरूम में कार्यरत कर्मचारी नितिन वर्मा निकला। आरोपी ने अपने पिता, महिला मित्र और अन्य साथियों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 2 किलो सोना, 6.5 लाख रुपये नकद व अवैध तमंचा बरामद किया है।



प्रेसवार्ता के दौरान डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य, थाना प्रभारी कविनगर अनुराग शर्मा समेत पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस जांच में सामने आया कि 11 जून की शाम आरोपी नितिन वर्मा ने शोरूम के कर्मचारियों को शादी तय होने की खुशी में पार्टी दी थी। उसका असली मकसद शोरूम के कैशियर गौतम राज को निशाना बनाना था, जिसके पास शोरूम के मुख्य द्वार और लॉकर की चाबियां रहती थीं। पार्टी के दौरान नितिन ने गौतम को अत्यधिक शराब पिलाई। जब गौतम नशे में हो गया तो नितिन उसे घर छोड़ने के बहाने साथ ले गया और रास्ते में उसके बैग से शोरूम की चाबियां निकाल लीं। इसके बाद उसने चोरी की पूरी योजना को अंजाम दिया। आईपीएस धवल जायसवाल ने बताया है कि 12 जून की सुबह लगभग 7:15 बजे नितिन अपने एक साथी के साथ तनिष्क शोरूम पहुंचा।

चाबी होने के कारण उसने बिना किसी तोड़फोड़ के मुख्य द्वार खोला और अंदर रखे कीमती स्वर्ण आभूषण समेट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। जब शोरूम खुला तो करोड़ों रुपये के जेवर गायब मिले। सूचना मिलते ही पुलिस और शोरूम प्रबंधन में हड़कंप मच गया। शोरूम अधिकारी रोहित अरोड़ा की शिकायत पर कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर पांच विशेष टीमों का गठन किया गया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, करोड़ों की रिकवरी

**करंट क्राइम :** लगातार चार दिनों तक चली जांच, सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने चिरंजीव विहार क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मास्टरमाइंड नितिन वर्मा, उसका पिता संजय वर्मा तथा महिला मित्र काजल शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 2 किलोग्राम सोना, 6.5 लाख रुपये नकद और एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 3 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि चोरी में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### दो महीने पहले मिली थी नौकरी, पहले से बना रहा था प्लान

**करंट क्राइम :** पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी नितिन वर्मा ने तनिष्क शोरूम में करीब दो महीने पहले ही नौकरी जॉइन की थी। शुरूआती जांच में सामने आया है कि नौकरी मिलने के बाद से ही वह चोरी की योजना तैयार कर रहा था। बताया जा रहा है कि इससे पहले मोदीनगर के एक प्रतिष्ठान में भी उस पर चोरी के आरोप लगे थे, जिसके बाद उसे वहां से निकाल दिया गया था। पुलिस उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

### फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम, केस खोलने पर 50 हजार दिए

**करंट क्राइम :** इस मामले में शामिल चिंटू उर्फ चितरंजन समेत अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस को एक अन्य महिला की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। डीसीपी सिटी ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने इस चर्चित चोरीकांड का त्वरित खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक कविनगर अनुराग शर्मा, डीसीपी सिटी स्वॉट प्रभारी अशोक, सुमित व अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपी ने बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। लेकिन पुलिस की तकनीकी जांच, सीसीटीवी विश्लेषण और टीमवर्क के चलते मात्र चार दिनों में पूरे गिरोह का पदार्फाश कर दिया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## व्यापार मंडल ने नगर निगम से की शहीद प्यारेलाल स्मारक पार्क को संवारने की मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राइटगंज स्थित टाउन स्कूल मार्केट के बाहर बने शहीद प्यारेलाल स्मारक एवं पार्क के सौंदर्यीकरण को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने नगर निगम से मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि पार्क की स्थिति में सुधार कर इसे आम नागरिकों के लिए अधिक उपयोगी बनाया जाए। टाउन स्कूल मार्केट राइटगंज व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने नगर निगम से पार्क के आसपास कम से कम 15 सार्वजनिक बेंच लगाने की अपील की है, ताकि क्षेत्र के नागरिकों और बुजुर्गों को बैठने की सुविधा मिल सके।

व्यापारियों ने कहा कि पार्क का सौंदर्यीकरण होने से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। व्यापार मंडल ने नगर निगम से इस विषय पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। यह मांग टाउन स्कूल मार्केट राइटगंज व्यापार मंडल के समस्त व्यापारियों द्वारा की गई है, जो महानगर उद्योग व्यापार मंडल की एक इकाई है।

# जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में आरएसएस पथ संचलन का भव्य स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंबेडकर रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पथ संचलन का क्रिकेट खिलाड़ियों, पदाधिकारियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण के माध्यम से अपना सम्मान एवं समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष एवं सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार (वीरो बाबा), विकास मित्तल, विपुल अग्रवाल, राकेश काका, क्रिकेट कोच युवराज, राकेश स्वामी (अध्यक्ष, रमते राम रोड व्यापार मंडल), पार्षद नीरज गोयल, दुष्यंत गुप्ता, अंकुर गोयल, मोहित मित्तल मेदी वाले, सुनील हार्वेस, भूपेंद्र जाटव, पार्षद राजीव शर्मा एवं देवेंद्र मित्तल मेदी वाले सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।





इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने राष्ट्र निर्माण, युवा सशक्तिकरण तथा सामाजिक समरसता के कार्यों में निरंतर सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। वक्ताओं ने युवाओं की सकारात्मक भागीदारी और समाज में एकता एवं सद्भाव को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक एकता की भावना से ओत-प्रोत रहा।

अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जनहित एवं राष्ट्रहित से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# 'पाकिस्तान भरोसे लायक नहीं, तीन बार यूएस को दे चुका धोखा'

## अमेरिकी विशेषज्ञ ने फासीवादी इटली से की तुलना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विशेषज्ञ माइकल रुबिन ने ईरान युद्ध में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर गंभीर सवाल उठाए हैं और आरोप लगाया है कि पाकिस्तान अंतिम समझौता नहीं होने देगा और ऐसी स्थिति बनाए रखेगा, जहां तनाव और अराजकता बनी रहेगी।

अमेरिकी विश्लेषक माइकल रुबिन ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी कूटनीतिक प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि ईरान संकट के समाधान के लिए पाकिस्तान पर भरोसा करना, ऐसा ही है जैसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी की समस्या सुलझाने के लिए फासीवादी इटली पर निर्भर रहना।

### फासीवादी इटली से की पाकिस्तान की तुलना

अमेरिका के मिडिल ईस्ट फोरम में नीति विश्लेषण निदेशक माइकल रुबिन ने भारतीय न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि पाकिस्तान को भरोसेमंद मध्यस्थ नहीं माना जा सकता, क्योंकि उसने अतीत में कई बार अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचाया है। रुबिन ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप न केवल बातचीत की मेज पर ईरान के सामने कमजोर साबित हुए, बल्कि उन्होंने मध्यस्थों के चयन में भी गलती की है। कतर और खासकर पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाना गंभीर भूल है। ईरान समस्या के समाधान के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहना वैसा ही है जैसे फ्रैंकलिन रूजवेल्ट द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी से निपटने के लिए फासीवादी इटली पर भरोसा करते थे।'



### अमेरिका को कई बार धोखा दे चुका पाकिस्तान

रुबिन ने कहा कि किसी भी विवाद में ऐसा मध्यस्थ नहीं चुना जाना चाहिए जो आपकी हार चाहता हो, लेकिन अमेरिका बार-बार वही गलती दोहरा रहा है।

पाकिस्तान ने तालिबान को समर्थन देकर और अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को अपने क्षेत्र में शरण देकर अमेरिका के भरोसे को कई बार तोड़ा है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने तालिबान के मामले में अमेरिका को धोखा दिया। ओसामा बिन लादेन को पनाह देकर भी उसने अमेरिका के साथ विश्वासघात किया। अब वह फिर वही कर रहा है। यह विडंबना है कि पाकिस्तान इस पूरी स्थिति में फायदे में है। पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक ए.क्यू. खान ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को शुरूआती आधार देने में भूमिका निभाई थी।'

### ईरान के साथ अंतिम समझौता नहीं होने देगा पाकिस्तान

रुबिन ने दावा किया कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए भी पर्दे के पीछे ऐसा माहौल बनाए रखेगा, जिससे कोई स्थायी समझौता न हो सके और क्षेत्र में अस्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा, 'यह समझना जरूरी है कि पाकिस्तान भले ही मध्यस्थ के रूप में सामने हो, लेकिन वह यह सुनिश्चित करेगा कि अंतिम समझौता कभी न हो। वह एक साथ आग लगाने वाले और आग बुझाने वाले दोनों की भूमिका निभाकर दोनों तरफ से फायदा उठाना चाहता है।'

# ट्रंप ने ईरान को फिर चेताया- परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश की तो बरपेगा कहर

**एवियन।** जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले ट्रंप और कतर के अमीर के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान ईरान के साथ शांति समझौते पर इस्राइल के मत को लेकर ट्रंप ने कहा- 'मेरे बिना इस्राइल नहीं होता, क्योंकि कोई दूसरा राष्ट्रपति वह करने को तैयार नहीं था जो मैंने किया'। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के समर्थन के बिना इस्राइल का अस्तित्व और सुरक्षा बेहद कठिन हो जाती।



फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक में पश्चिम एशिया की सुरक्षा, अमेरिका-ईरान समझौते और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान ट्रंप ने हाल ही में हुए अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि यह समझौता सफल होना चाहिए और इसके अगले चरण की बातचीत पहले से भी आसान हो सकती है। ट्रंप ने उन खबरों को भी खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि अमेरिका ईरान में धन निवेश करेगा। बता दें कि, बीते राष्ट्रपति ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने शांति समझौते पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए हैं। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि अगर वो न होते तो इस्राइल तबाह हो चुका होता।

### हम ईरान में कोई पैसा निवेश नहीं कर रहे हैं- ट्रंप

राष्ट्रपति ट्रंप ने इस दौरान कहा, 'हमने ईरान के साथ डील कर ली है और यह सफल होनी चाहिए। अब यह दूसरे चरण में जाएगी, जो मुझे लगता है कि असल में आसान होगा। मैं पिछले हफ्ते उन पर हमला नहीं करना चाहता था, लेकिन हमारे पास कोई चारा नहीं था। और असल में हमने दो बार ऐसा किया। हम तीसरी बार भी ऐसा करने जा रहे थे, लेकिन हमें ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ी। लेकिन हमारी डील एक निष्पक्ष डील है। यह एक अच्छी डील है। हम ईरान में कोई पैसा निवेश नहीं कर रहे हैं। हमारे पास किसी दिन अंदर जाकर कार्रवाई करने का अधिकार है, अगर मैं कुछ करना चाहूं या कोई और कुछ करना चाहे। लेकिन हम कोई पैसा निवेश नहीं कर रहे हैं। ईरान में पैसा निवेश करने की हमारी कोई बाध्यता नहीं है'।

### 'परमाणु हथियार बनाने-हासिल करने पर ईरान पर टूटेगा कहर'

ट्रंप ने आगे कहा, 'मेरे लिए सबसे जरूरी बात यह है कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार न हों। और यह बात साफ-साफ कही गई है। वे इसे न तो बनाएंगे, न ही खरीदेंगे और न ही इसका इस्तेमाल करेंगे। और अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें बहुत बुरे नतीजे भुगतने होंगे। मैं आपको उन नतीजों के बारे में बताऊंगा भी नहीं, लेकिन वे नतीजे बहुत ही गंभीर होंगे। इसके बावजूद, मुझे उम्मीद है कि हमारे रिश्ते बहुत अच्छे रहेंगे। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि उनके पास परमाणु हथियार नहीं होंगे। और यही वजह है कि मैं इसमें शामिल हुआ और मैंने समझौते पर दस्तखत करने का फैसला किया'। ट्रंप ने आगे कहा, 'मैंने कभी सत्ता बदलने की परवाह नहीं की।

### कतर ने की ट्रंप के नेतृत्व की तारीफ

कतर के अमीर शेख तमीम ने ट्रंप के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह समझौता पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि अभी काफी काम बाकी है, लेकिन यदि इसी तरह प्रयास जारी रहे तो क्षेत्र में बड़े और सकारात्मक बदलाव संभव हैं।

### ट्रंप ने कतर की भूमिका को सराहा

राष्ट्रपति ट्रंप ने संकट के दौरान कतर की भूमिका की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कतर के साथ काम करना सुखद अनुभव रहा और देश ने बेहद साहस और मजबूती दिखाई। ट्रंप ने कहा कि भौगोलिक रूप से ईरान के सबसे नजदीक होने के बावजूद कतर ने संतुलित और जिम्मेदार भूमिका निभाई।

### लेबनान पर इस्राइली हमले से नाराज दिखे ट्रंप

इस बैठक के दौरान ट्रंप ने इस्राइल के उस सैन्य हमले पर भी नाराजगी जताई जो समझौते के अंतिम रूप लेने से कुछ घंटे पहले लेबनान की राजधानी बेरूत पर किया गया था। उन्होंने कहा, 'मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। मैंने इस्राइल को यह बात साफ तौर पर बता दी थी'। ट्रंप के इस बयान को अमेरिका और इस्राइल के बीच रणनीतिक मतभेद के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, जब ट्रंप से पूछा गया कि अगर इस्राइल और लेबनान के बीच संघर्ष बढ़ता है तो क्या अमेरिका-ईरान समझौता टिक पाएगा, तो उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यह समझौता कायम रहेगा। उन्होंने लेबनान में चल रहे संघर्ष को छोटा युद्ध बताया और कहा कि ईरान का मुद्दा कहीं अधिक बड़ा और महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने कहा कि लेबनान में हिजबुल्ला लगातार तनाव पैदा करता रहता है।

# कलाकारों की कृतियां भारत-स्लोवाकिया सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक : पीएम मोदी

**ब्रातिस्लावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया दौरे के दौरान राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के साथ ब्रातिस्लावा में वाराणसी पर आधारित विशेष कला प्रदर्शनी देखी। स्लोवाकियाई कलाकारों की कृतियों में बनारस की संस्कृति और विरासत को दशार्या गया था। पीएम मोदी ने इसे भारत-स्लोवाकिया सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया की अपनी दो दिनों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर ली है। साल 1993 में स्लोवाकिया की आजादी के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा था। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, शिक्षा और रोजगार जैसे कई अहम क्षेत्रों में बड़े समझौते हुए। दोनों देशों ने अपने रिश्तों को अब 'व्यापक साझेदारी' का दर्जा दिया है।

अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के साथ राजधानी ब्रातिस्लावा के राष्ट्रपति महल में एक खास प्रदर्शनी देखी। इस प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र भारत का प्राचीन और पवित्र शहर वाराणसी (बनारस) था। इसमें उन स्लोवाकियाई कलाकारों की कलाकृतियां शामिल थीं, जिन्होंने हाल ही में वाराणसी की यात्रा की थी।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर इस अनुभव को साझा करते हुए इसे 'ब्रातिस्लावा में बनारस का जुड़ाव' बताया। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'ब्रातिस्लावा में बनारस से जुड़ाव! कल ब्रातिस्लावा के राष्ट्रपति भवन में, राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और मैंने वाराणसी पर केंद्रित एक आकर्षक प्रदर्शनी देखी, जिसमें उन स्लोवाक कलाकारों की कृतियां शामिल थीं जिन्होंने हाल ही में वाराणसी का दौरा किया था। कला और संस्कृति में लोगों को करीब लाने की अद्भुत क्षमता होती है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | बुधवार • 17 जून-2026
गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# गोविंदपुरम की बाबा मार्केट में लगी भीषण आग, पल भर में राख हुईं चर्चित दुकानें

## आधी रात को भड़की आग, पूरे बाजार में मची अफरा-तफरी, दमकल की आठ गाड़ियों ने पाया काबू, करोड़ों के नुकसान का अनुमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविंदपुरम स्थित बाबा मार्केट में सोमवार देर रात लगी भीषण आग ने व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचाया। रात करीब 12 बजे अचानक बाजार की कई दुकानों से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने कई प्रतिष्ठित दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से चार फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। आग की गंभीरता को देखते हुए वैशाली से दो वाटर ब्राउजर और एक फायर टेंडर, जबकि साहिबाबाद और मोदीनगर से भी एक-एक फायर टेंडर बुलाया गया। कुल आठ दमकल गाड़ियों ने कई घंटे तक अभियान चलाकर आग पर नियंत्रण पाया। इस अग्नि हादसे में एक व्यक्ति का पैर भी टूट गया है।




### बंद दुकानों के शटर तोड़कर किया गया रेस्क्यू ऑपरेशन

**करंट क्राइम :** जब दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तो अधिकांश दुकानें बंद थीं और शटरों के नीचे से घना धुआं निकल रहा था। आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चारों तरफ से आग को घेरते हुए बुझाने का कार्य शुरू किया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद फायर कर्मियों ने सूझबूझ से आग को फैलने से रोक दिया।



### पांच प्रमुख दुकानों में करोड़ों का नुकसान

**करंट क्राइम :** सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि देर रात हुए इस भीषण आग में दीपक गोयल की अग्रवाल स्वीट्स, हरिओम गर्ग की महागणेश ट्रेडर्स, मुकेश सिंघल की सिंघल स्वीट्स, राहुल मित्तल की मोबाइल एवं खिलौना दुकान व अंकित डेयरी बुरी तरह प्रभावित हुई। व्यापारियों के अनुसार दुकानों में रखा सामान, फर्नीचर और अन्य कीमती सामग्री जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार नुकसान कई करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

### सांसद, विधायक और पूर्व महापौर ने किया बाबा मार्केट का निरीक्षण




**करंट क्राइम :** गोविंदपुरम स्थित बाबा मार्केट में लगी भीषण आग की घटना के बाद सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा व पूर्व महापौर अशु वर्मा मौके पर पहुंचे और प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात की। जनप्रतिनिधियों ने आग से हुए भारी नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए व्यापारियों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने बाजार का निरीक्षण कर आग से प्रभावित दुकानों की स्थिति का जायजा लिया और प्रशासनिक अधिकारियों से घटना की जानकारी प्राप्त की। सांसद, विधायक और पूर्व महापौर ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे उनके साथ खड़े हैं तथा शासन और प्रशासन स्तर पर हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आग की इस घटना से कई व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई आसान नहीं है। ऐसे में प्रभावित परिवारों और व्यापारियों को राहत दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

### लोकल पुलिस और फायर विभाग ने संभाला मोर्चा

**करंट क्राइम :** घटना की सूचना मिलते ही कविनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अनुराग शर्मा, पूर्व उप निरीक्षक जयवर्धन सिंह, गोविंदपुरम चौकी पुलिस व पुलिस लाइन से पहुंचे जवानों ने मौके पर मोर्चा संभाला। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए राहत एवं बचाव कार्य में दमकल विभाग का सहयोग किया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग ने कई व्यापारियों की वर्षों की मेहनत और पूंजी को पल भर में राख में बदल दिया। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और व्यापारी घटनास्थल पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

### आग लगने के कारणों की जांच शुरू

करंट क्राइम : फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन फायर विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के बाद पूरे गोविंदपुरम क्षेत्र में चर्चा का विषय यही रहा कि आखिर बाबा मार्केट को किसकी नजर लग गई।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और समृद्धि से भरपूर : कृष्ण पांचाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देश गर्व महसूस करता है। इन वर्षों में भारत ने विकास की नई परिभाषा गढ़ी। गरीब कल्याण योजनाएं, जनधन, आयुष्मान, उज्ज्वला और आवास जैसी पहलें हर घर तक पहुंचीं। डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया ने आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त किया। इंफ्रास्ट्रक्चर, रेल, सड़क और ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई। विदेश नीति ने भारत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाया। सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी सरकार की पहचान बने। अगले चरण में यही संकल्प भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की नींव रखेगा।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के प्रति समर्पित : महेंद्र यादव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम) :** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महेंद्र यादव ने कहा कि इस कार्यकाल में भारत ने विकास, विश्वास और वैश्विक सम्मान के नए मानक स्थापित किए हैं। यह सफर 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की एक मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान और आवास जैसी गरीब कल्याण योजनाओं ने करोड़ों देशवासियों का जीवन बदला है। 'डिजिटल इंडिया' से शासन में पारदर्शिता आई है और 'मेक इन इंडिया' से देश नवाचार का केंद्र बना है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक प्रगति, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और मजबूत विदेश नीति के दम पर आज भारत दुनिया की एक निर्णायक आवाज बन चुका है।

## भाजपा सरकार ने 12 वर्षों में देश को संकट में ला दिया है : हाजी आसिफ चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हाजी आसिफ चौधरी ने कहा कि भाजपा के 12 सालों में देश को आर्थिक चुनौतियां, बेरोजगारी और प्रशासनिक विफलताओं का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पर्याप्त रोजगार सृजित करने में विफल रही है और आम जनता का एक बड़ा हिस्सा बढ़ती महंगाई के बोझ तले दबा हुआ है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार हुए पेपर लीक हुआ है जोकि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं में सब्सिडी वाले सिलिंडरों की संख्या और सहायता सीमित रही है। आज देश का हर नागरिक महंगाई और बेरोजगारी से पीड़ित है देश में अपराधों मैं बढ़ोतरी हुई है।

## 12 वर्षों में 'विकसित भारत' की ओर बढ़े देश के कदम: ललित कश्यप



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने पिछले 12 वर्षों को देश के विकास का स्वर्णिम काल बताते हुए कहा कि इस अवधि में भारत ने 'विकसित भारत' के निर्माण की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। ललित कश्यप ने विकास के मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति ने जहाँ जनसेवाओं को पारदर्शी और सरल बनाया है, वहीं गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुँचा है। उन्होंने 'स्वच्छ भारत अभियान' को एक सफल जन-आंदोलन बताया और कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के अभियान से उद्योगों को नई ऊर्जा मिली है। आज पारदर्शी शासन और वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा के दम पर देश विकसित होने के संकल्प को तेजी से साकार कर रहा है।

## भाजपा के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास की गौरवगाथा: सुरेश कश्यप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और आत्मविश्वास की नई ऊँचाइयों को छुआ है। यह कार्यकाल गरीब कल्याण और देश के सशक्तिकरण के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि जनधन, उज्ज्वला और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने जहाँ करोड़ों जीवन बदले हैं, वहीं डिजिटल इंडिया से व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान और बुनियादी ढांचे (सड़क, रेल, हवाई अड्डे) के अभूतपूर्व विस्तार से देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है। कश्यप ने कहा कि सुदृढ़ राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा के साथ यह यात्रा 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की ओर तेजी से बढ़ रही है।

## संभव जनसुनवाई में 14 शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई, अधिकारियों को फीडबैक लेने के निर्देश




### शिकायतों का समाधान ही नहीं, फीडबैक भी लें अधिकारी : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि नगर निगम मुख्यालय में प्रत्येक मंगलवार को संभव जनसुनवाई आयोजित की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी लिया जाए, ताकि समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो और नागरिकों को स्थायी समाधान मिल सके।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित संभव जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 14 शिकायतें प्राप्त हुईं। नगर आयुक्त ने सभी मामलों में संबंधित विभागों को तत्काल टीम भेजकर समाधान कराने के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों में निर्माण विभाग की 4, स्वास्थ्य विभाग की 3, टैक्स विभाग की 2, जलकल विभाग की 2, उद्यान विभाग की 1 तथा अतिक्रमण से संबंधित 2 शिकायतें शामिल रहीं। जनसुनवाई में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज, महाप्रबंधक जलकल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी एवं प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विकास भवन में 'शिक्षा एवं खेल संवाद' संगोष्ठी आयोजित, जुटे दिग्गज





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और सम्मान के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन के दुर्गावती देवी सभागार में 'शिक्षा एवं खेल संवाद' संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा विकसित समाज की धुरी है। वर्तमान में निपुण अभियान, नवीन शिक्षा पद्धति, डिजिटलाइजेशन और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जा रहा है। उन्होंने खेल और शिक्षा के समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा में खेल और खेल में शिक्षा का समावेश ही हमें ऊंचाइयों पर ले जाएगा। संगोष्ठी में दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर रेखा अग्रवाल ने शिक्षा नीति से समाज में आने वाले बदलावों को रेखांकित किया। वहीं, डॉ. रिचा सूद ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 'एक जनपद, एक खेल' नीति लागू करने का सुझाव दिया। माध्यमिक शिक्षा विभाग की तनुजा शर्मा और बेसिक शिक्षा विभाग के एआरपी नीरज खटाना ने आंकड़ों व निपुण भारत अभियान के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में बढ़ रही सुविधाओं की तस्वीर पेश की। इससे पूर्व, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने अतिथियों का स्वागत किया और सह विद्यालय निरीक्षक सतीश पांडे ने शिक्षकों को 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन एसआरजी पूनम शर्मा ने किया तथा अंत में जिला समन्वयक पवन कुमार भाटी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, एसआरजी, एआरपी, जेंडर नोडल और खेल विभाग के कोच व फुटबॉल खिलाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 'हेट स्पीच' के दौर में प्रथम संविधान संशोधन के प्रतिबंध सर्वथा उचित: न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड द्वारा आयोजित ऑनलाइन व्याख्यानमाला में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने 'संविधान के प्रथम संशोधन के 75 वर्ष पश्चात वर्तमान परिवेश में उसकी उपयोगिता' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के मात्र 16 महीने के भीतर ही पहले संशोधन की आवश्यकता पड़ गई थी। न्यायमूर्ति गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1950 में उच्चतम न्यायालय द्वारा 'बृजभूषण बनाम दिल्ली राज्य' और 'रमेश थापर' मामलों में दिए गए निर्णयों ने इस संशोधन की नींव रखी, जिसके बाद मूल अधिकारों पर युक्ति-युक्त निर्बंधन (उचित प्रतिबंध) लगाए गए। वर्तमान परिवेश में इसकी उपयोगिता रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले संशोधन के कारण ही देश से जमींदारी व्यवस्था समाप्त हो सकी। आज 'हेट स्पीच' के बढ़ते मामलों के दौर में यह संशोधन और भी अधिक प्रासंगिक है। कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता अनिल जोशी ने किया। इस ऑनलाइन व्याख्यानमाला में गाजियाबाद से श्रद्धा चौहान, अरुण कुमार, मोहनीश जयंत, संजीव त्यागी, आभा वर्मा, सारिका त्यागी, राजीव गुप्ता सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** दो तरह की चर्चाएं हो रही है आम? एक पक्ष कह रहा है अगर सीएम साहब को आना होता तो नहीं लगता कठेरिया जी का प्रोग्राम? वहीं दूसरा पक्ष रख रहा है अपनी राय? कह रहा है कि अच्छा रहेगा अभी से गलतफहमियां दूर हो जायें? 20 तारीख को देखना सीएम होंगे प्रबुद्ध वर्ग के कार्यक्रम में विराजमान? स्थान की तलाश पूरी हो चुकी है बस होना है अब प्रोग्राम? देखना अब ये है किसकी बात सही होती है श्रीमान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्होंने महानमंत्री को कह दिये थे शब्द बहुत ज्यादा हार्ड? सुना है शब्दों को सुनकर फिर वो भवन में चले गये थे भाईसाहब? उनकी नाराजगी का हो गया था हार्ड शब्द कहने वाले को एहसास? उन्होंने दूत के तौर पर पहले चौहान को भेजा और संभाले हालात? फिर जाकर खुद महानमंत्री को समझाया? बोले जैसा आप समझ रहे हो वैसा नहीं है भाया? सुना है महानमंत्री ने यहां पर पॉजीटिव किरदार निभाया? भूल कर पुरानी बातों को उन्होंने हार्ड शब्द कहने वाले को गले से लगाया?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज जिला मुख्यालय के विकास भवन में बनेगा गजब का योग? एक ही कार्यक्रम में योद्धा और कमांडर होंगे मुख्य अतिथि? गजब का रहेगा ये प्रयोग? सुना है 12 साल की उपलब्धियों को बताने के लिए रखा है सरकार वालों ने प्रदर्शनी का प्रोग्राम? इस कार्यक्रम में संगठन की दृष्टि से योद्धा मुख्य अतिथि होंगे? वहीं सरकारी दृष्टि से कमांडर होंगे चीफ गेस्ट के तौर पर विराजमान? देखना अब ये है किसको मिलते हैं कितने भाव? हमारी तो इसी पर नजर रहेगी श्रीमान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** लेडी फ्रंट के प्रेजीडेंट वाले पद को लेकर इस वक्त मैडम त्यागी और मैडम भदौरिया में चल रही है जबरदस्त खींचतान? देखना ये है कि इन दोनों में से कौन छुएगा सफलता का आसमान? पता चला है पूरी आशा से मैडम दे रही हैं मैडम त्यागी का साथ? वो कह रहीं हैं फ्रंटल का पद आना चाहिए मैडम त्यागी के ही हाथ? देखना अब ये है कितना मिलता है इस गेम में मैडम त्यागी को मैडम शर्मा का साथ? क्योंकि ये तो सभी जानते हैं भगवा योद्धा मैडम भदौरिया की आजकल मजबूत कर रहे हैं बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** संगठन वाले सिसौदिया अपने प्रिय राणा को दिखा रहे हैं युवा मोर्चा वाले अध्यक्ष का ख्वाब? वो चाहते हैं राम जी का नाम लेकर इस युवा चेहरे को ये अवतार मिल जाये साहब? मगर कुछ दिल जले दे रहे हैं कुछ और ही संदेश? वो कह रहे हैं सिसौदिया जी यहां प्यार दिखाकर बना रहे हैं अपने प्रिय चौधरी के लिए स्पेस? कहने वाले ने कहा अब ये तो सिसौदिया जी का मन ही बेहतर जानता है कि उनकी इस रणनीति के पीछे छिपा है कौन सा गोपनीय संदेश?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो कह रहे थे ये बात आप अपने तक रखना? पता चला है एक बड़े जनप्रतिनिधि ने एक ताकतवर मैडम को दिखा दिया है लोकसभा का सपना? उन्होंने बता दिये हैं मैडम जी को भविष्य के हालात? कह दिया है समीकरण और आरक्षण इस बार कुछ ऐसा बैठेगा कि ये सीट जायेगी महिला चेहरे के पास? पता चला है इस बात का हो गया है मौजूदा वालों को भी एहसास? जो-जो घटनाएं जहां जहां से घट रही हैं वो पल-पल पहुंच रही हैं उनके पास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम तो बस इतना ही बताना चाहते हैं प्रदेश वालों को ये बात? सन से नीचे नहीं संभलने वाली है बात? इससे पहले बिगड़े और भी हालात? जितनी जल्दी डिसीजन ले लिया जाये उतना अच्छा है साहब? पद से मुक्त किये जाने से नहीं संतुष्ट हुआ है सामने वाला पक्ष? मंगलवार को तो सिर्फ ट्रेलर था अभी तो काफी चीजें होनी हैं प्रत्यक्ष?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक समय था जब अध्यक्ष जी थे क्रान्तिकारी विधायक जी के खास? मगर पता चला है धीरे-धीरे अब बदल गये हैं हालात? जिस तरह से उन्होंने मंच पर दिया है सौम्य मावी को स्थान? उससे सारे समीकरण गड़बड़ा गये हैं श्रीमान? कहने वाले ने कहा ऐसा होने से और भी रोचक हो गई है क्रान्तिकारी धरा की लड़ाई? अब ये तो अध्यक्ष जी ही बेहतर जानते होंगे कि उनके मन में क्या चल रहा है भाई?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर आप प्रदेश वाले बहादुर जी से पूछोगे एक बात? तो पता चलेगा उनके पास रख कर आया था कोई अपने मन की बात? दिया था उनको ये संदेश? तीनों विधानसभा सीटों पर हैं ब्राहमण ही फेस? उन्होंने बहादुर जी को बताया था तीसरे चेहरे के ब्राहमण होने का गणित? कराया था यहां पर वैश्य कोटे के टोटे का एहसास? पता चला है उन्होंने ये बात भले ही ऊपर रखी थी? मगर पहुंच गई है ये तीनों जनप्रतिनिधियों के पास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** गुरू जी तो गुरू जी हैं वो हमेशा रहते हैं तेरह में नहीं होते हैं तीन? उन्होंने इन दिनों झकझोर कर रख दिया है एक से एक मजबूत चेहरों का सीन? उनके आज भी दिख रहे हैं हमें पहले जैसे अंदाज? कैसे अधिकारियों से काम कराया जाता है? ये जलवा उनमें मौजूद है पहले की तरह आज? कहने वाले ने कहा मसला ये नहीं है कि कौन गलत है या कौन सही है? मगर जिसकी अधिकारी सुने उसे ही तो नेता माना जाता है साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## लाइसेंस टेस्ट के नाम पर आरटीओ में 7000 रुपए की खुली रिश्वत, रालोद नेता ने डीएम से की शिकायत

### रिश्वत न देने पर कुशल चालकों को भी कर दिया जाता है टेस्ट में फेल : अरुण चौधरी 'भुल्लन'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद के संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर आवेदकों से खुली रिश्वत मांगे जाने का गंभीर मामला सामने आया है। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव और अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण चौधरी 'भुल्लन' ने इस संबंध में जिलाधिकारी (डीएम) को शिकायती पत्र सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रालोद नेता का आरोप है कि आरटीओ में सरकारी फीस के अतिरिक्त ड्राइविंग टेस्ट पास कराने के नाम पर आवेदकों से 7,000 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि रिश्वत न देने पर कुशल चालकों को भी टेस्ट में फेल कर दिया जाता है, जबकि मोटी रकम देने वाले अकुशल लोगों को आसानी से पास कर दिया जा रहा है। टेस्ट प्रक्रिया का जिम्मा संभाल रही निजी कंपनी के कर्मियों पर इस भ्रष्टाचार में लिप्त होने का संदेह जताया गया है।

पत्र में चेतावनी दी गई है कि इस अवैध वसूली के कारण गरीब तबका बिना लाइसेंस वाहन चलाने को मजबूर होगा, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी से सीसीटीवी फुटेज की जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## गोविंदपुरम अग्निकांड : पूरी बाबा मार्केट में तिनका-तिनका कर जुटाया आशियाना पल भर में खाक

### कुदरत ने नेक सोच रखने वाले दुकानदारों पर कहर बरपाया! : समाजसेवी अजय गुप्ता




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गोविंदपुरम स्थित पुरी बाबा मार्केट में हुए भीषण अग्निकांड ने कई व्यापारियों की वर्षों की मेहनत और उनके सपनों को कुछ ही घंटों में मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया। कुदरत के इस कहर से व्यापारियों के सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि इंसान और व्यापार पानी के बुलबुले की तरह हैं, कुदरत के आगे किसी की नहीं चलती। हादसे से मर्माहत अजय गुप्ता ने मार्केट की मानवीय संवेदना को याद करते हुए बताया कि यहाँ के अग्रवाल स्वीट के मालिक से जब उन्होंने एक बार पूछा था कि वे इतना बड़ा समोसा क्यों बनाते हैं, तो उनका जवाब था कि कम पैसे वाले मजदूर का एक-दो समोसे में पेट भर जाए, वे तो बस एक जरिया है। आज कुदरत ने ऐसी नेक सोच रखने वाले दुकानदारों पर कहर बरपाया है। गुप्ता ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि सभी पीड़ित व्यापारियों को इस भारी नुकसान से उबरने और दोबारा व्यापार खड़ा करने की शक्ति मिले।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।